STATEMENT SHOWING COUNTRY-WISE EXPORTS OF IRON & STEEL DURING THE 9 MONTHS PERIOD ENDED 31ST DECEMBER 1969.

Country	Rounds/Flats	Structurals	Sheets	Billets	Pig Iron	Rails
	Nine months 69-70	Nine months 69-70	Nine months 69-70	Nine months 69-70	Nine months 69-70	Nine months 69-70
U.S.A.	20493	..	..	..	..	4751
Australia	..	1247	..	..	..	..
U. K.	2078	711	..	..	..	..
New Zealand	..	..	..	..	..	2321
Luxemberg	60	..	..	..	..	..
Belgium	532	..	..	..	..	..
West Germany	994	..	..	..	..	..
Italy	1890	..	..	..	..	..
Denmark	199	..	..	..	..	..
West Asian & Persian Gulf Countries.						
Iraq	13008	2544	298	..	..	..
Iran	24116	29009	1446	10006	..	29442
Bahrain	1237	..	..	..	..	..
Dubai	6129	114	..	..	..	..
Jordan	9340	..	..	..	..	..
Kuwait	27879	223	..	..	..	..
Saudi Arabia	52006	842	..	..	..	..
Abu Dhabi	5310	..	..	..	..	..
Qatar	3489	..	..	..	..	..
Muscat	170	..	..	..	..	..
U.A.R.	14420*	..	..	..	..	..
Aden	828	..	..	..	..	..
Syria	192	..	..	..	..	..

*Includes 75 tons of wires.

शुद्धि - पत्र

पृष्ठ	पैरा । पंक्ति	के लिए	पढ़िये
	विषय सूची अंतिम पंक्ति	लोहा	लोहे
	नीचे से सोलहवीं	के जरूरत	की जरूरत
२	नीचे से सतरहवीं	वस्तुओं के	वस्तुओं की
२	पैरा २ पंक्ति तीसरी	१.७	१.७
३	पैरा २ पंक्ति दसवीं	अभी ही	अभी
३	पैरा ६ पंक्ति पांचवी	होगा	होंगे
७	पैरा ६(।।।) पंक्ति दूसरी	लगाने	लगने
७	पैरा २ पंक्ति तीसरी	की ओर	ओर
९	पैरा २ पंक्ति सातवीं	अनुपलब्धित	अनुपलब्धि
९	अंतिम पंक्ति	प्रेषण अधिक	प्रेषण से अधिक
१५	३.	जापान का	जापान को
१७	ऊपर से पंद्रहवी पंक्ति	अनुलब्धि	अनुपलब्धि
२१	तालिका में		
२३	क्राटीन्यूअस अनीलिंग लाइन के सामने	४९४५ टन	४०९५ टन
	ऊपर से चौदहवीं	और	जो
५	अन्तिम	अन्त इंधन	दूसरे इंधन
६	तालिका में	राकोल फीट	रा कोल फीड
	दुगदा-१ के सामने	१०३८.७	१०५८.७
१	नीचे से चौथी	मुकाबिल	मुकाबिले
३	नीचे से दसवीं	मीटरी	मीटर
५	नीचे से पांचवीं	मूल्य की	मूल्य के
	नीचे से तीसरी	४६०.०००	४६०,०००
	ऊपर से तीसरी	फाउन्ड्रीफोर्जे प्लाण्ट	फाउण्ड्री फोर्जे प्लाण्ट
२	अन्तिम	पूर्ती	पूर्ति
७	ऊपर से दूसरी	स्टारेज, ट्रांसमिलन	स्टोरेज, ट्रांसमिशन
	ऊपर से पांचवी	सांझा	साझा
	" " छठी	१९६७ ने	१९६७ में
	" " नवमीं	ट्रांसमिलन	ट्रांसमिशन
	" " पंद्रहवीं	जसे	जैसे
	परिशिष्ट ।।	विक्रय	विक्रेप
	परिशिष्ट ।।।	अनुमानिक	अनुमानित
	(नीचे से दूसरी लाइन)		
	इस्को का १९६८ का उत्पादन	४९८.३	४९४.३
	नीचे से दूसरी लाइन	नइन्जीनियरी	इन्जीनियरी
	संशोधित मूल्यों की सूची के उपशीर्षक	आद्धग्रेड	आफग्रेड
	नीचे से छठी	के	की
	(घ) ठण्डी बेलित चादरें		१४२७
	परिशिष्ट के नीचे	१४१२	पटरियाँ
	ऊपर से दूसरी लाइन	टिरियाँ	यूगोस्लाविया
	ऊपर से तीसरी लाइन	युगोस्वलासिया	

रिपोर्ट
1969-70

भारत सरकार

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्रालय

नई दिल्ली

PARLIAMENT LIBRARY
(Library & Reference Service)
Central Govt. Publications.
Acc No R 32961 (1)
Date 25.4.70

प्रबन्धक, भारतसरकार मुद्राणालय, फरीदाबाद द्वारा मुद्रित ।

विषय सूची

	पृष्ठ
1. संगठन	1
2. चौथी और पांचवीं योजनाओं में लोहे और इस्पात उद्योग की विकास योजना	3
3. उत्पादन और मूल्य	6
4. लोहे और इस्पात का आयात-निर्यात	9
5. हिन्दुस्तान स्टील लि०	14
6. मैसूर आइरन एंड स्टील लिमिटेड	27
7. निजी क्षेत्र के इस्पात उद्योग	28
8. बोकारो स्टील लिमिटेड	32
9. हिन्दुस्तान स्टील वर्क्स कन्सट्रक्शन लिमिटेड	37
10. भारी इंजीनियरी निगम लिमिटेड, रांची	39
11. खनन और सम्बद्ध मशीनरी निगम, लिमिटेड, दुर्गापुर	43
12. भारत हैवी प्लेट्स एण्ड वैसल्स लि०, विशाखापत्तनम्	45
13. त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लि०, इलाहाबाद	47
14. तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लि० मैसूर	48
परिशिष्ट :—	
1969 में इस्पात पिण्ड का उत्पादन—I	50
1969 में विक्रेय कच्चे लोहे का उत्पादन—II	52
विद्युत भट्ठियों में पिंड उत्पादन—II	53
तैयार इस्पात का उत्पादन—उत्पादक-अनुसार—III	54
तैयार इस्पात का उत्पादन—उत्पादक-अनुसार—IV	55
1968 में पिण्ड उत्पादन—V	57
1-1-1970 से मूल्य वृद्धि—VI	59
संयुक्त संयंत्र समिति की घोषणा—VII	61
1968-69 और 1969-70 में आयात का वर्गानुसार विवरण—VIII	68
अप्रैल-दिसम्बर, 1969 में लोहा और इस्पात का देशवार निर्यात—IX	69

संगठन

इस्पात और भारी इंजीनियरिंग मंत्रालय जिसका गठन 14 फरवरी 1969 को हुआ है, लोहा और इस्पात (नियन्त्रण) आदेश, 1956, लोहा और इस्पात सम्बन्धी आयात और निर्यात की नीतियों, सरकारी और गैर-सरकारी दोनों क्षेत्रों के इस्पात उद्योग जिनमें पुनर्बेलन मिलें और फेरो एलाय उद्योग भी शामिल है, तथा सरकारी क्षेत्र में नये इस्पात कारखानों की स्थापना सम्बन्धी कार्यों को करता है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक क्षेत्र के निम्नलिखित आठ उपक्रम भी इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियन्त्रण में हैं :

(i) हिन्दुस्तान स्टील लि०, रांची।

(ii) बोकारो स्टील लि०, बोकारो स्टील सिटी।

(iii) हिन्दुस्तान स्टीलवर्क्स कन्सट्रक्शन लि० कलकत्ता।

(iv) हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन रांची।

(v) माइनिंग एंड एलायड मशीनरी, कारपोरेशन, दुर्गापुर।

(vi) त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लि०, इलाहाबाद।

(vii) तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लि० तुंगभद्रा बांध।

(viii) भारत हैवी प्लेट्स एंड वैसेल्स लि० विशाखापत्तनम।

इस मंत्रालय में एक सचिव, दो सह-सचिव, एक वरिष्ठ औद्योगिक सलाहकार, दो निदेशक, तीन उप–सचिव, सात अवर सचिव, एक उप-निदेशक, तथा चार विकास अधिकारी हैं। वरिष्ठ औद्योगिक सलाहकार तकनीकी स्कंध का सर्वोच्च अधिकारी हैं। यह स्कंध सरकार द्वारा स्वीकृत खाडिलकर समिति की एक प्रमुख सिफारिश के क्रियान्वयन हेतु फरवरी 1968 में स्थापित किया गया था। यह भी निश्चय किया गया है कि मंत्रालय में एक आर्थिक स्कंध भी खोला जाय जिसमें एक आर्थिक सलाहकार और अन्य आवश्यक कर्मचारी होंगे। आर्थिक सलाहकार का काम आर्थिक समस्याओं जैसे इस्पात के मूल्य निश्चित करना, विकास की योजनाओं और नीतियों के निर्धारण करना, सरकारी अभिकरणों से प्राप्त आंकड़ों और प्रतिवेदनों का आर्थिक विश्लेषण और उनके कार्य की आर्थिक समीक्षा और खपत की गतिविधि, भविष्य की मांग आदि का अध्ययन करना और मंत्रालय को सलाह देना होगा।

मंत्रालय का एक सम्बद्ध कार्यालय है जिसका नाम लोहा और इस्पात नियन्त्रक का कार्यालय है और इसका मुख्यालय कलकत्ता में है। लाइसेंस देने के कार्य के हस्तान्तरण के फलस्वरूप 1 अप्रैल 1969 से बम्बई, मद्रास और फरीदाबाद स्थित इसके तीन क्षेत्रीय कार्यालय आयात-निर्यात के मुख्य नियन्त्रक को सौंप दिये गये। लोहा और इस्पात नियन्त्रक लोहा और इस्पात (नियन्त्रण) आदेश को लागू करने और लोहा तथा इस्पात की वस्तुओं के आयात/निर्यात सम्बन्धी प्रस्ताव बनाने के लिये उत्तरदायी है। इस्पात के गौण उत्पादकों के लिए वह प्रायोजक प्राधिकारी का कार्य भी करता है। वह संयुक्त संयंत्र समिति का अध्यक्ष भी है जिसमें सर्वतोमुखी इस्पात कारखानों, और रेलवे के प्रतिनिधि होते हैं। यह समिति उपभोक्ता उद्योगों को इस्पात की आपूर्ति के लिए इन्डेन्टों (मांग पत्रों) की प्राप्ति और उनके योजनाबद्ध वितरण की एजेंसी के रूप में कार्य करती हैं। लोहा और इस्पात की सभी वस्तुओं के लिए प्रमुख उत्पादकों के बेलन-कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त संयंत्र समिति के निर्देशन में होता है। लोहा और इस्पात नियन्त्रक एक मासिक पत्रिका भी प्रकाशित करता है जिसका नाम "दी आइरन एंड स्टील कन्ट्रोल मंथली बुलेटिन" है और जिसमें लोहे और इस्पात की विभिन्न वस्तुओं के उत्पादन सम्बन्धी जानकारी तथा इन वस्तुओं के व्यापारियों और उपभोक्ताओं के जरूरत की अन्य बातें होती हैं। लोहा और इस्पात नियन्त्रक के कलकत्ता के दफतर में एक औद्योगिक सलाहकार और सहयोगी विकास अधिकारियों से युक्त एक तकनीकी स्कंध खोलने का निर्णय किया गया है जो लोहा और इस्पात नियन्त्रक को देश में इस्पात के उत्पादन और वितरण के सम्बन्ध में सलाह देगा और इस्पात उत्पादन की गौण इकाइयों के परिचालन और संधारण आदि के लिए कच्चे माल, संघटकों और फालतू पुर्जों के आयात के लिए अनिवार्यता का प्रमाण-पत्र देगा।

भारत के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री ए० के० सरकार की अध्यक्षता में गठित "जांच समिति" (इस्पात के सौदे) ने 29-2-1968 में अपनी रिपोर्ट दे दी थी। सरकार ने समिति की रिपोर्ट स्वीकार कर ली थी और समिति ने जिन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दी थी उन पर विभागीय कार्रवाई करने का निर्णय किया था। अतः सरकार ने विशेष सचिव के पद के एक वरिष्ठ अधिकारी और आवश्यक सहायक कर्मचारियों को नियुक्त किया है ताकि विभागीय कार्यवाही शीघ्रतापूर्वक पूरी की जा सके और अधिक मूल्य के लाइसेंसों/परमिटों सम्बन्धी शेष मामलों की छानबीन शीघ्र ही पूरी की जा सके। कार्य अभी चल रहा है।

चौथी और पांचवीं योजनाओं में लोहे और इस्पात उद्योग की विकास योजना

पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में 1973-74 और 1978-79 के लिए देशीय खपत और निर्यात के लिए कुल मांग का अनुमान दिया गया था। इन वर्षों में मुख्य तथा गौण उत्पादकों की क्षमता मिलाकर भी 1973-74 में 2.07 मिलियन टन तैयार इस्पात की तथा 1.81 मिलियन टन कच्चे लोहे की कमी का अनुमान किया गया था इसी प्रकार 1978-79 में 6.42 मिलियन टन तैयार इस्पात और 2.98 मिलियन टन कच्चे लोहे की कमी का अनुमान था।

2. इस कमी को पूरा करने के लिए प्रस्तावित विभिन्न उपायों का उल्लेख भी पछले साल की रिपोर्ट में किया गया था। उनमें से बोकारों इस्पात कारखाने को 1.07 मि० टन से बढ़ाकर 4.0 मि० टन तक विस्तार के प्रस्ताव का सरकार ने अनुमोदन कर दिया है। इस विस्तार के लिए सोवियत रूस के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किया गया है। बोकारो स्टील लि० से कहा गया है कि वह इस प्रायोजना के प्रारम्भिक कार्यों को केन्द्रीय इंजीनियरी और रूपांकन ब्यूरो के परामर्श से शुरू करे। इस विस्तार कार्य के लिए केन्द्रीय इंजीनियरी और रूपांकन ब्यूरो को प्रमुख सलाहकार नियुक्त किया गया है। भारी इंजीनियरी निगम और सरकारी तथा गैर-सरकारी क्षेत्र के अभिकरणों से भी अभी ही विचार-विमर्श किया जायेगा जिससे द्वितीय चरण के लिए संयंत्र और उपकरणों की आपूर्त्ति में अनावश्यक विलम्ब न होने पाये।

3. भिलाई में अभी 2.5 मिलियन टन की निर्धारित क्षमता पर उत्पादन नहीं हो रहा है और प्राइमरी मिलों की सीमित क्षमता को ध्यान में रखते हुए इनके सुधार और विकास सम्बन्धी कामों को हाथ में लेने से काफी समय तक इस्पात का उत्पादन कम रहेगा। अतः 1.7 मि० टन पिण्डक की क्षमता की नयी स्ट्रीम लगाने का प्रस्ताव है जिससे अतिरिक्त गर्म धातु से इस्पात बनाया जायेगा। तकनीकी सुधारों के फलस्वरूप छठी घमन भट्ठी से गर्म धातु अधिक मात्रा में उपलब्ध होगी। हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड ने संशोधित प्रस्ताव के आधार पर भिलाई इस्पात कारखाने के 4.2 मिलियन टन तक विस्तार के लिए शक्यता अध्ययन और विस्तृत प्रायोजना प्रतिवेदन तैयार करने का कार्य प्रारम्भ कर दिया है। चौथी योजना में भिलाई के विस्तार कार्यक्रम में वहां 100,000

टन वार्षिक क्षमता का जोड़-रहित ट्यूब सयंत्र लगाना शामिल है जो भारत में अभी अनुपलब्ध किस्म की ट्यूबों का निर्माण करेगा।

4. दुर्गापुर स्थित मिश्र इस्पात कारखाने की अधिष्ठापित क्षमता का पूर्ण उपयोग करने के लिए और बेदाग इस्पात की चादरों, प्लेटों और कुछ अन्य मिश्र धातुओं की बढ़ती हुई मांग की पूर्त्ति के विचार से कारखाने की क्षमता को एक लाख टन से बढ़ाकर 2 लाख टन करने का विचार है। विस्तार प्रस्ताव में एक अतिरिक्त ठंडी मिल समूह और दूसरी सुविधाएं शामिल हैं। ट्रांसफार्मर उद्योग के लिए आवश्यक ठंडी बेलित कणोन्मुख चादरों का, राउरकेला में उत्पादन करने का प्रस्ताव है जिसके लिए आवश्यक प्राथमिक अध्ययन पूरा हो चुका है। इस किस्म की चादरों का अभी आयात करना पड़ता है।

5. भूतकाल में देशीय स्रोतों से ऊष्मसह की प्राप्ति में कठिनाई का सामना करना पड़ा है जो 1969-70 में इस्पात के उत्पादन के कम होने और बोकारो में देर होने का एक कारण है। इस कठिनाई को दूर करने के लिए और अगले 10 वर्षों में इस्पात उद्योग के विकास को ध्यान में रखते हुए चतुर्थ योजना काल में एक लाख टन क्षमता का ऊष्मसह संयंत्र लगाने का विचार है। योजना आयोग से परामर्श करके इसके लिए आवश्यक वित्तीय राशि का प्रबन्ध कर लिया गया है।

6. 2 या 3 नये इस्पात कारखाने लगाकर अतिरिक्त इस्पात की क्षमता स्थापित करने का प्रस्ताव भी सरकार के विचाराधीन है। स्थल के सम्बन्ध में शीघ्र ही निर्णय होने की आशा है। किसी इस्पात कारखाने को परिचालनावस्था तक लाने में लगभग सात वर्ष लगते हैं। अतः विस्तृत प्रायोजना प्रतिवेदन तैयार करने, स्थल-विकास, उपकरणों के लिए आर्डर देने और सिविल कार्य जैसे प्रारम्भिक कार्यों को चौथे योजना काल में ही प्रारम्भ करना होगा ताकि ये कारखाने पांचवीं योजना के मध्य तक चालू किये जा सकें। प्रत्येक कारखाने की क्षमता के बारे में उनके उत्पाद-मिश्र, उपकरणों और इस्पात-निर्माण की प्रक्रिया के मानकीकरण और पुनर्निर्माण की सुविधा आदि को ध्यान में रखकर निर्णय किया जायेगा।

7. केन्द्रीय इंजीनियरी और रूपांकन कक्ष ने लोहा और इस्पात कारखानों के रूपांकन सम्बन्धी अपनी जानकारी को बढ़ाने के लिए इस वर्ष सोवियत रूस के त्याजप्रोमेक्सपोर्ट के साथ एक करार किया है। इस करार के अनुसार

मैसर्स त्याजप्रोमेक्सपोर्ट लोहा और इस्पात कारखाना लगाने के लिए पथ-प्रदर्शक सामान, नार्म और अन्य आवश्यक सामग्री देंगे और आवश्यकतानुसार सोवियत विशेषज्ञ भेजेंगे तथा भारतीय इंजीनियरों को सोवियत रूस में प्रशिक्षण देंगे। वर्ष 1968-69 में हिन्दुस्तान स्टील लि० के केन्द्रीय इंजीनियरी और रूपांकन ब्यूरो ने बेलन मिल के उपकरणों के रूपांकन और निर्माण सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए अमेरिका के यूनाइटेड इंजीनियरिंग (कम्पनी) के साथ एक करार किया है। केन्द्रीय इंजीनियरिंग और रूपांकन ब्यूरो ने पश्चिम जर्मनी के मैसर्स आटो के साथ कोक भट्ठियों के रूपांकन और निर्माण के सम्बन्ध में समझौता कर रखा है और आस्ट्रिया के मैसर्स वोएस्ट के साथ एल० डी० कन्वर्टर्स की जानकारी प्राप्त करने के सम्बन्ध में इस समय बातचीत चल रही है।

उत्पादन और मूल्य

उत्पादन के विस्तृत आंकड़े परिशिष्ट I से V में दिये गये हैं। आलोच्य वर्ष में कच्चे लोहे और इस्पात का उत्पादन 1968 और 1967 के उत्पादन से अच्छा रहा। 1967 में विक्रेय कच्चे लोहे का उत्पादन 11 लाख टन और 1968 में 14.6 लाख टन था तथा 1969 में 15.5 लाख टन उत्पादन हुआ। इसी प्रकार तैयार इस्पात का उत्पादन 1967 में 41.6 लाख टन और 1968 में 44.7 लाख टन था और 1969 में इसका उत्पादन बढ़कर 50 लाख टन से भी कुछ अधिक हो गया।

2. लोहा और इस्पात की वस्तुओं पर से 1-5-1967 से वैधानिक नियन्त्रण हटा लिया गया। 1968 तक उत्पादों की कमी अधिकांशतः पतले किस्म की चादरों और प्लेटों तक सीमित थी परन्तु 1969 के प्रारम्भ से कमी अधिक व्यापक हो गई और चपटे पदार्थों की कमी अधिक विकट हो गई।

3. इस कमी की स्थिति को देखते हुए संयुक्त संयंत्र समिति ने चादरों, प्लेटों, बिलेटों और कच्चे लोहे के सम्यक वितरण की एक नयी प्रणाली निकाली है। चादरों के सम्बन्ध में संयुक्त संयंत्र समिति ने पिछले आबंटन और उसके आयोजन के आधार पर, उपलब्ध मात्रा को तकनीकी विकास के महानिदेशक, को, जो बड़ी इकाइयों के प्रायोजक प्राधिकारी है, छोटे स्तर की इकाइयों के लिए लघु उद्योग के विकास आयुक्त को, रेलवे मंत्रालय को, और प्रतिरक्षा मंत्रालय आदि को बांट दिया है। प्रायोजक प्राधिकारी इस थोक आंवटन में से विभिन्न उपभोक्ताओं को आबंटन करते हैं। प्लेटों के सम्बन्ध में संयुक्त संयंत्र समिति ने मांग-पत्र उसी सीमा तक स्वीकार किये हैं जितना मुख्य उत्पादकों के पास विभिन्न पार्टियों के बकाया आदेशों और प्रायोजक प्राधिकारियों द्वारा आंकी गई उनकी वार्षिक क्षमता का अन्तर है। बिलेट की सीमित उपलब्धि के कारण संयुक्त संयंत्र समिति ने इंजीनियरी सामानों की निर्यात प्रोत्साहन समिति, रेलवे, बेलिंग हूप उद्योग के लिए, नेपाल को निर्यात के लिए, छड़ों और डंडों के निर्यात में शामिल होने वाली नई इकाइयों के लिए तथा प्राथमिकता क्षेत्र और निर्यात के लिए पुनर्बेलन करने वालों के लिए मासिक मात्रा निर्धारित कर दी है। उपलब्धि की अवशिष्ट मात्रा को तकनीकी समिति द्वारा मान्य क्षमता के हिसाब से या औद्योगिक लाइसेन्स के आधार पर अथवा लोहा और इस्पात

नियन्त्रक द्वारा स्वीकृत तरीके से आबंटित किया जायेगा । जहां तक कच्चे लोहे का सम्बन्ध है संयुक्त संयंत्र समिति उपभोक्ताओं के औद्योगिक संगठनों से परामर्श करके पिछले आबंटनों/प्रेषणों के आधार पर फाउण्ड्रियों को लोहा वितरित करती है ।

4. यद्यपि प्रदाय स्थिति कठिन है फिर भी रेलवे, प्रतिरक्षा, निर्यात आदि जैसे देश की अर्थ-व्यवस्था के प्रमुख अंगों की आवश्यकता पूर्त्ति यथा-सम्भव देशीय स्रोतों से प्राप्ति और अवशिष्ट मात्रा का आयात करके की जाती है।

5. 1 मई 1967 से वैधानिक नियन्त्रण हटाये जाने के बाद से लोहा और इस्पात की वस्तुओं के मूल्य निर्धारण का काम संयुक्त संयंत्र समिति करती है। इस मामले में संयुक्त संयंत्र समिति सरकार के परामर्श से कार्य करती है।

6. मई/जून 1969 में इस्पात के तीनों मुख्य उत्पादकों से इस्पात की मूल्यवृद्धि के प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। सावधानीपूर्वक विचार करने के पश्चात् सरकार 77.50 रुपये प्रति टन की औसत वृद्धि के लिए सहमत हो गई जिसमें से 2.50 रुपये संयुक्त संयंत्र समिति और इंजीनियरी माल निर्यात-सहायता कोष के लिए बढ़े हुए चन्दे के लिए होगा । सरकार ने उत्पाद-क्रम से मूल्य वृद्धि को भी स्वीकार किया (परिशिष्ट VI)। जब सरकार की स्वीकृति की सूचना संयुक्त संयंत्र समिति को दे दी गई तो समिति ने मूल्य वृद्धि की घोषणा की जो 1-1-1970 से लागू हो गई (परिशिष्ट VII)।

मूल्य वृद्धि की अनुमति देते समय सरकार ने निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखा था :—

(i) 1964 से मूल्य बढ़ाने वाले कारणों से लागत में वृद्धि जिन्हें तब से की गई मूल्य वृद्धि द्वारा पूरा नहीं किया जा सका था।

(ii) पुराने पुर्जों को बदलने और आधुनिकीकरण के कार्यक्रमों के कारण अगले कुछ वर्षों में निश्चित पूंजी में वृद्धि के फलस्वरूप होने वाला अधिक मूल्यह्रास ।

(iii) पुराने पुर्जों को बदलने और आधुनिकीकरण पर लगने वाले खर्च के लिए ली जाने वाली ऋण की राशि पर लगाने वाला अधिक ब्याज; और

(iv) वेतन और वृद्धि को पूरा करने के लिए 9 रुपये प्रति टन की मूल्य वृद्धि ।

7. चूँकि औसतमूल्य वृद्धि लगभग 1 प्रतिशत है अतः इस्पात की मूल्य वृद्धि से साधारणतः अर्थ-व्यवस्था पर विशेष असर नहीं पड़ेगा । दूसरी ओर यदि यह मूल्य वृद्धि नहीं की जाती तो इस्पात उद्योग को कठिनाई होती । हिन्दुस्तान स्टील लि० को 40 करोड़ रुपये का वार्षिक घाटा हो रहा है, टाटा कम्पनी को लाभांश देने के लिए अपनी आरक्षित पूंजी में से खर्च करना पड़ा और इंडियन आइरन अपना सामान्य लाभांश कायम नहीं रख सके हैं। इसके अतिरिक्त गैर-सरकारी इस्पात कारखानों को पुराने पुर्जों के बदलने के सामान्य क्रम को कायम रखना कठिनतर होता गया ।

8. जहां तक इस्पात की मूल्य वृद्धि का लोहा और इस्पात से बनने वाले सामानों पर प्रभाव का प्रश्न है यह कहना प्रासंगिक होगा कि लोहा और इस्पात उत्पादों का सूचकांक 27 दिसम्बर 1969 को 149.3 था (आधार वर्ष 1961-62=100) और 3 जनवरी 1970 को यह अंक बढ़कर 154.6 हो गया । इस प्रकार आंशिक रूप में इस्पात की मूल्य वृद्धि के कारण मूल्य वृद्धि के बाद शीघ्र ही सूचकांक में 5.3 की वृद्धि हुई है। इस बात की सम्भावना नहीं है कि केवल इस्पात के मूल्य में वृद्धि हो जाने से ही देश में मुद्रास्फीति हो जायेगी । ऐसा इसलिए है क्योंकि हिन्दुस्तान स्टील के घाटों में कमी मुद्रा-स्फीति रोकेगी और इसके अतिरिक्त इस्पात के खुले बाजार के भाव इतने ऊंचे हैं कि हाल की मूल्य वृद्धि की खपत उनमें हो जायेगी।

9. इस वर्ष भाड़ा समकरण योजना जारी रही । इसके अन्तर्गत मुख्य उत्पादकों के लोहे और इस्पात के उत्पादों को देश के हरेक रेलवे स्टेशन तक विक्रय के लिए एक ही मूल्य पर भेजना सम्भव है । इसी प्रकार निर्यात के लिए इंजीनियरी सामान के निर्माताओं को अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य पर लोहा और इस्पात सप्लाई करने की योजना भी जारी रही।

आलोच्य वर्ष के उत्तरार्द्ध में आन्तरिक मूल्यों की अपेक्षा अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य बढ़ गये जिससे देशीय इस्पात के स्थान पर आयातित इस्पात के लिए राजसहायता देने की आवश्यकता अनुभव की जाने लगी।

लोहे और इस्पात का आयात-निर्यात

आयात--लोहे और इस्पात तथा लोह-मिश्र धातु के लिये लाइसेंस देने के कार्य को आयात और निर्यात के मुख्य नियन्त्रक को हस्तान्तरित कर देने के सरकारी निर्णय के अनुसार 1 अप्रैल, 1969 से लाइसेंस देने का कार्य आयात-निर्यात के मुख्य नियन्त्रक को सौंप दिया गया । जैसा पहले किया जाता था इस वर्ष भी लोहे और इस्पात तथा लौह-मिश्र धातुओं के लिए आयात-नीति इसी मंत्रालय ने बनाई है और आयात-निर्यात के मुख्य नियन्त्रक को भेज दी है ताकि 1969-70 की आयात-नीति पुस्तक (लाल पुस्तक) में शामिल की जा सके । 1968-69 के लिए आवश्यकता पर आधारित नीति 1969-70 में भी जारी रहेगी । प्राथमिकता-प्राप्त इकाइयों को उनकी वास्तविक खपत के आधार पर आयात की अनुमति दी जाती हैं । गैर-प्राथमिक इकाइयों को पिछले लाइसेंस के वास्तविक उपयोग के आधार पर लाइसेन्स दिया जाता है ।

नीति सम्बन्धी प्रस्ताव तय करने से पहले लोहा और इस्पात नियन्त्रक ने देशीय उत्पादकों और उपभोक्ताओं से कई बार बातचीत की । आयात-नीति इस्पात की विभिन्न वस्तुओं की मांग की ओर उनके उत्पादन को ध्यान में रखते हुए तय की गई हैं । इस्पात और लौह-मिश्र धातु की उन वस्तुओं के लिए, जिनका उत्पादन देश में नहीं होता अथवा अपर्याप्त मात्रा में होता है, आयात की अनुमति दी गई--कुछ दशाओं में सीधे आयात की और अन्य दशाओं में देशीय उत्पादकों से अनुपलब्धि का प्रमाण, प्रस्तुत करने पर अनुपलब्धित के प्रमाण-पत्र की शर्त से क्षमता युक्त इकाइयों में देशीय उत्पादन को विकसित करने में सहायता मिलती हैं । वस्तुवार नीति को अधिक विस्तृत कर दिया गया है । इस्पात के जिन वर्गों के आयात की अनुमति दी जाती हैं उनमें से प्रमुख हैं--साधारण इस्पात की चादरें, स्ट्रिप (जस्ती सादी और जस्ती नालीदार चादरों को छोड़ कर जिनकी उपलब्धि देश में पर्याप्त हैं), औजारी, मिश्र और विशेष इस्पात, तार छड़ और तार । इस वर्ष कुछ वस्तुओं की अनुपलब्धि के सम्बन्ध में वास्तविक उपभोक्ताओं और उनके संगठनों के प्रतिवेदन प्राप्त हुए हैं । इन सभी प्रतिवेदनों पर विचार किया गया और जहां उचित समझा गया, मांग और देशीय आपूर्त्ति स्थिति को देखते हुए आयात नीति में समुचित सुधार किया गया ।

साधारण इस्पात की चादरों और प्लेटों की देश में कमी के बारे में वास्तविक उपभोक्ताओं के प्रतिवेदन प्राप्त हुए । सरकार ने इन वस्तुओं के थोक आयात के

प्रश्न पर विचार किया, अतः निर्यातोन्मुख इंजीनियरी उद्योगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए 6 करोड़ रुपये की कीमत के थोक आयात की अनुमति दी गई।

वास्तविक उपभोक्ता आयात-नीति, पंजीकृत निर्यातक आयात-नीति और उपर्युक्त थोक आयात के अतिरिक्त सरकार ने 1968-69 में जारी किये गये लाइसेन्सों के मूल्य में तदर्थ 50 वृद्धि कर दी हैं। वृद्धि की इस सुविधा में प्रमुखतः दुर्लभ किस्म के इस्पात की वस्तुओं जैसे साधारण इस्पात की चादरें, प्लेट और स्ट्रिप का आयात शामिल हैं। इसमें हाई स्पीड स्टील के आयात की अनुमति दी गई है। बशर्ते कि 1968-69 के लाइसेंस में उसका मूल्य स्पष्ट दिया गया है। वृद्धि की यह सुविधा बड़े स्तर के और लघु स्तर दोनों ही उद्योगों के लिए उपलब्ध हैं।

लघु उद्योग की आवश्यकताओं की पूर्त्ति के लिए टी० एस० कैन के वास्ते 10 करोड़ रुपये के मूल्य की इस्पात की चादरों और टिन प्लेट के आयात की अनुमति दी गई हैं। यह आयात हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के माध्यम से होगा। इन अतिरिक्त आयातों के फलस्वरूप सम्भवतः उद्योगों की आवश्यकताएं पूरी हो जायेंगी।

1968-69 और अप्रैल-सितम्बर 1969 की अवधि में इस्पात और लौह-मिश्र धातुओं की विभिन्न वस्तुओं के आयात का विवरण परिशिष्ट (VIII) में दिया गया है। पिछले तीन वर्षों में इस्पात और लौह-मिश्र धातुओं का कुल आयात इस प्रकार रहा :—

वर्ष	मात्रा (टन)	मूल्य (करोड़ रुपये)
1967-68	5,03,544	92.66
1968-69	4,19,192	69.28
1969-70 (सितम्बर, 1969 तक)	1,86,001	30.44

देश में इस्पात उत्पादन की इकाइयों के विकास, दुर्गापुर स्थित मिश्र तथा विशेष इस्पात कारखाने और मैसूर आइरन एंड स्टील भद्रावती के टूल एंड एलाय

स्टील उत्पादक इकाई में बदले जाने के फलस्वरूप इस्पात की विभिन्न वस्तुओं के आयात में अपेक्षाकृत कमी हुई है।

निर्यातः—गैर-पारम्परिक क्षेत्र में लोहा और इस्पात से अब भी सबसे अधिक विदेशी मुद्रा अर्जित होती हैं। इस्पात का निर्यात, जो 1964-65 में 69,559 टन था और मूल्य 319.24 लाख रुपये था, बढ़कर 1968-69 में 1623,167 टन हो गया जिसका मूल्य 6957.47 लाख रुपये हुआ। 1969-70 (दिसम्बर 1969 तक) 995,030 टन लोहे और इस्पात का निर्यात हुआ जिसका मूल्य 5537.22 लाख रुपये था। लोहे और इस्पात का निर्यात करीब 55 देशों को किया गया है। 1969-70 (अप्रैल से दिसम्बर 1969 तक) में देशक्रम से हुए निर्यात का विवरण परिशिष्ट (IX) में दिया गया है।

आजकल विदेशों को निर्यात किये जाने वाले लोहे, और इस्पात की वस्तुओं में कच्चा लोहा (बेसिक ग्रेड), बिलेट, दंड और छड़, संरचनात्मक और रेल की पटरी शामिल हैं। जापान परम्परा से हमारे कच्चे लोहे का खरीदार ह। इस्पात की वस्तुओं में रेल की पटरी का निर्यात अधिकतर मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका के देशों को, न्यूजीलैण्ड मलयेशिया, श्रीलंका, बर्मा और दक्षिणी कोरिया को होता है। दंड, छड़ और संरचनात्मक के लिए अभी कुछ साल में पहले तक प्रमुख खरीदार पूर्व एशिया और फारस की खाड़ी के चारों ओर के देश थे। 1967 से संरचनात्मक 1 लाख से 2 लाख टन प्रति वर्ष की दर से सोवियत रूस को भेजे जा रहे हैं।

जापान और यूरोप से संयुक्त राज्य अमरीका को इस्पात के निर्यात में कमी होने के फलस्वरूप इस बाजार में भारत के प्रवेश के लिए उपयुक्त स्थिति पैदा हो गयी है। भारतीय निर्यातकों ने इस स्थिति से फायदा उठाया है और हाल में काफी आर्डर बुक किये हैं। अप्रैल-दिसम्बर, 1969 की नौ माह की अवधि में अमरीका को लगभग 20,500 टन दंड और छड़ और 4750 टन रेल की पटरी का निर्यात किया गया है।

1968-69 के लिए 1,545,000 टन के निर्यात का लक्ष्य रखा गया था जबकि 1,623,167 टन का निर्यात हुआ। ऐसा इसलिए सम्भव हो सका क्योंकि भारतीय उत्पादकों और निर्यातकों ने, विशेषतया हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड ने नए बाजारों की खोज और पुराने बाजारों को कायम रखने के लिए काफी प्रयत्न किये। केवल हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड ने ही 985,000 टन के लक्ष्य की तुलना में

लगभग 1,015,000 टन का निर्यात किया जिसका मूल्य 4,024 लाख, रुपये था। उनका निर्यात और भी अधिक होता लेकिन 1969 के प्रारम्भ में देशीय मांग में वृद्धि के कारण बिलेट के निर्यात पर प्रतिबन्ध लग जाने से न हो सका।

1969-70 के लिए 1480,500 टन निर्यात का लक्ष्य रखा गया है। उत्पादक क्रम से इस लक्ष्य का ब्यौरा इस प्रकार हैं :

(मात्रा टनों में)

	कच्चा लोहा	इस्पात (अर्द्ध-तैयार इस्पात शामिल हैं)
हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड .	400,000	530,000
टाटा आयरन एंड स्टील कम्पनी	—	150,000
इंडियन आयरन एंड स्टील कम्पनी	100,000	50,500
पुनर्वेलन मिलें .	—	250,000

देश में कच्चे लोहे, बिलेट और तैयार इस्पात की बढ़ती हुई मांग के कारण 1969-70 के निर्यात लक्ष्य को 1968-69 की उपलब्धि की तुलना में कम रखना पड़ा था। इसके अतिरिक्त निर्यात के लिए इंजीनियरी के सामानों के संविरचन कर्त्ताओं की भारी मांग को भी पूरा करना पड़ता है, जिससे वे इस साल के लिए 100 करोड़ रुपये के निर्यात के लक्ष्य को पूरा कर सकें।

लोहा और इस्पात सम्बन्धी कर्णधार समिति का अनुमान है कि 1973-74 तक लोहे और इस्पात का सीधा निर्यात बढ़ कर 10 लाख टन कच्चा लोहा और 10.10 लाख टन इस्पात तक (इस्पात की निर्मित वस्तुएं छोड़कर) हो जायेगा। किसी भी वर्ष के लिए निर्यात का लक्ष्य इस्पात निर्यातक समिति जिसकी बैठक वर्ष में एक बार होती है उपलब्धि और देशीय मांग को ध्यान में रखते हुए, निश्चित करती है। सरकारी और गैर-सरकारी दोनों क्षेत्रों के उत्पादकों के प्रतिनिधि इस समिति में होते हैं जिसका अध्यक्ष इस्पात और भारी इंजीनियरी मंत्रालय का सचिव होता है। 1970-71 के लिए, निर्यात का लक्ष्य इस्पात निर्यातक समिति निर्धारित करेगी जिसकी बैठक शीघ्र ही होने की आशा है। इस्पात की मात्रा और इसे किन देशों को भेजा जायेगा, यह इस्पात निर्यातक समिति द्वारा निर्धारित निर्यात लक्ष्य, विदेशों में मांग, मूल्य, उत्पादकों के आर्डर बुक की स्थिति आदि पर निर्भर करता है।

1969-70 तक लोहे और इस्पात के निर्यात के लिए इस्पात निर्यातक संघ के सदस्य आवेदन इस संघ को और अन्य अपना आवेदन संयुक्त संयंत्र समिति को देते थे। लेकिन इस नई लाइसेंस अवधि से इस पद्धति को युक्तिसंगत कर दिया गया है और अब सभी निर्यात के अभिलाषियों को अपना आवेदन इस्पात निर्यातक संघ को भेजना होगा जो अपनी सिफारिशों के साथ आवेदनों को आयात-निर्यात के संयुक्त मुख्य नियन्त्रक, कलकत्ता को भेज देंगे बशर्ते कि जहाज तक निष्प्रभार मूल मूल्य संघ द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूल्य से कम न हों।

रद्दी माल (स्क्रैप) का निर्यात

1969-70 में रद्दी लोहे के निर्यात की नीति की घोषणा अप्रैल 1969 में की गई थी। रद्दी लोहे का निर्यात मेटल स्क्रैप ट्रेड कारपोरेशन की मार्फत किया जाता है जो आयात-निर्यात के संयुक्त मुख्य नियन्त्रक, कलकत्ता से निर्यात के लिए लाइसेंस प्राप्त करते हैं।

वर्ष 1968-69 और 1969-70 (नवम्बर 1969 तक) निम्नलिखित मात्रा में रद्दी माल का निर्यात किया गया :

	मात्रा (टन)	मूल्य (करोड़ रुपये)
1968-69	4,99,864	8.62
1969-70 (30-11-69 तक)	2,92,480	5.83

घरेलू मांग के बढ़ने से निर्यात में कमी होती जा रही है। मैटल स्क्रैप ट्रेड कारपोरेशन इस बात को सुनिश्चित करने के लिये उत्तरदायी है कि देश में जिस रद्दी माल की मांग कम हों, उसे देश की आवश्यकता को पूरा करने के पश्चात बची मात्रा का ही निर्यात किया जाय।

हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड

हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड ने 1969-70 में कुछ प्रगति की है। उत्पादन बढ़ा है और वस्तु सूची में कमी हुई हैं। मात्रा और मूल्य दोनों के विचार से इस्पात और उप-उत्पादों की देश में बिक्री बढ़ी है। निर्यात का स्तर न केवल बहुत ऊंचा बनाए रखा गया बल्कि उसमें और प्रगति हुई। मजदूर संघों के साथ कई समझौते किए गए और राष्ट्रीय स्तर पर द्विपक्षीय बातचीत के बाद वेतन में अन्तरिम वृद्धि स्वीकार किया गया। कम्पनी में श्रमिक अशांति के कारण उत्पादन में कुल 285,000 श्रम-घण्टों की हानि हुई। कारखानों के संधारण में सुधार हुआ है। कम्पनी के केन्द्रीय इंजीनियरी एवं रूपांकन ब्यूरो को धात्विक कारखानों के रूपांकन के लिए बृहत्तर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। वित्तीय मामलों में सुधार हुआ है और आशा की जाती है कि अगले साल कम्पनी को हानि नहीं होगी।

आलोच्य वर्ष में कम्पनी ने सरकार द्वारा दिए गए दीर्घकालीन ऋण में से 32.4 करोड़ और अल्प-कालिक ऋण में से 3.39 करोड़ रुपये की अदायेगी कर दी है जिससे कि 31-3-69 की तुलना में 31-3-70 को सरकार की लागत 1091.5 करोड़ रुपये से घट कर 1059.1 रुपये हो गई।

आशा है कि आलोच्य वर्ष में कुल हानि 1967-68 के 40.1 करोड़ रुपये और 1968-69 के 39.9 करोड़ रुपये से घट कर 30 करोड़ रुपये हो जाएगी। हानि में यह कमी श्रम तथा कच्चे मालों और फालतू पुर्जों की लागत वृद्धि तथा दुर्गापुर और राउरकेला के अशांत औद्योगिक सम्बन्धों के बावजूद हुई है। यह भी आशा की जाती है कि यदि ऐसा ही रहा तो वर्ष 1970-71 में कम्पनी को हानि नहीं होगी। हाल में हुई रेल-भाड़े में वृद्धि, कच्चे मालों और इंजीनियरी मालों की मूल्य वृद्धि से अगले साल के लिए किए गए अनुमान पर प्रभाव पड़ेगा।

उत्पादन, प्रेषण और स्टाप

वर्ष 1969-70 में उत्पादन स्तर 1968-69 के उत्पादन-स्तर से साधारणतः अधिक रहा। अप्रैल, 1969 से फरवरी, 1970 के ग्यारह महीनों

का कार्यफल पिछले साल के इसी काल के कार्यफल की तुलना में इस प्रकार रहा :—

(हजार टन)

	उत्पादन		प्रेषण	
	1968-69 अप्रैल-फरवरी	1969-70 अप्रैल-फरवरी	1968-69 अप्रैल-फरवरी	1969-70 अप्रैल-फरवरी
भिलाई दुर्गापुर रुरकेला				
कच्चा लोहा (गर्म धातु .	3952	4082.4	—	—
कच्छा लोहा (ठण्डा कच्चा लोहा) .	1080	1140.1	1049	1045.7
इस्पात पिण्ड .	3405	3401.3	47	196.7
बिक्रेय इस्पात	2389	2520.5	2603.4	2600.2
मिश्र इस्पात कारखाना				
पिण्ड .	35.1	59.49	4.9	1.97
बिक्रेय इस्पात	20.9	38.09	14.2	32.67
उर्वरक कारखाना				
कैल्शियम अमोनियम नाइट्रेट (25% नाइट्रोजन) .	174.9	110.3	155.4	126.5

पिछले साल मार्च माह की तुलना में इस वर्ष मार्च माह में उत्पादन अधिक होने की आशा है, और इस वर्ष लोहे एवं इस्पात के मुख्य उत्पादों का उत्पादन और प्रेषण, गत वर्ष के उत्पादन और प्रेषण अधिक होने की आशा हैं।

मई 1969 में नेफ्था शोधक इकाई के चालू होने के तुरन्त बाद हुई गड़बड़ी के कारण कैल्शियम अमोनियम नाइट्रेट के उत्पादन और प्रेषण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। आलोच्य वर्ष के ग्यारह माह अप्रैल 1969 से फरवरी 1970 तक में तीनों कारखानों के स्टाक में 48,000 टन इस्पात पिण्ड और 53,000 टन बेलित इस्पात की कमी हुई, और मिश्र इस्पात पिण्डकों के स्टाक में प्रथम दस महीनों में 5,100 टन की कमी हुई।

इन ग्यारह महीनों में कैल्शियम अमोनियम नाइट्रेट के स्टाक में 16,200 टन की कमी हुई।

विक्रय

आर्थिक मन्दी के बाद 1969-69 में लोहे और इस्पात के लिए देशीय बाजार में हुए सुधार में 1969-70 में और सुधार हुआ और बाजार साधारणतया तेज था।

वर्ष 1968-69 में कच्चे लोहे और बिक्रेय इस्पात के क्रमशः 505,000 टन और 2,445,000 टन प्रेषण की तुलना में 1969-70 के प्रथम ग्यारह महीनों में इनका प्रेषण क्रमशः 5,82,000 टन और 2,241,000 टन रहा। 1969-70 के प्रथम ग्यारह महीनों में देश में हुई बिक्री का मूल्य 280 करोड़ रुपये रहा जो एक नया कीर्तिमान है। आशा है कि 1969-70 के समाप्त होने तक देश में 310 करोड़ रुपये की बिक्री होगी। जबकि 1968-69 में देश के बाजारों में हुई कुल बिक्री 264.1 करोड़ रुपये की थी।

वर्ष 1969-70 के प्रथम ग्यारह महीनों में 40 करोड़ रुपये (जहाज तक निष्प्रभार) का निर्यात हुआ है और आशा है कि साल समाप्त होने तक कुल 44 करोड़ रुपये का होगा जबकि पिछले साल कुल 41.5 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ था। 1969-70 में लोहे और इस्पात के निर्यात की मात्रा 9,72,000 टन होगी जबकि 1968-69 में निर्यात की मात्रा 1,029,000 टन और 1780 व्हील सेटस थे। इसमें 5,200 टन बैजींन शामिल नहीं है जिसका इस साल इंग्लैंड को निर्यात किया गया है।

रिव्ड टार-स्टील, ठण्डी बेलित जस्ती चादरों, उच्च सिलिकन इलैक्ट्रिकल स्टील की चादरों, मिश्र और औजारी इस्पात आदि का बड़ा हुआ उत्पादन आलोच्य वर्ष की उल्लेखनीय बात है। पतले गेजों की जस्ती चादरों, इलैक्ट्रोलाइटिक टिन-प्लेटों, कम टिन की सतह वाले टिन प्लेटों, निकल, निकल-क्रोमियम मालिब्डैनम,

क्रोमियम-मैंगनीज आदि के नए ग्रेडों का मिश्र इस्पात, उच्च-मिश्रित केस हार्डेनिंग इस्पातों और बेदाग इस्पात की चादरों का उत्पादन भी इस वर्ष की उल्लेखनीय बातें हैं। इसके अतिरिक्त, विदेशी बाजारों के लिए नए सेक्शन और नई किस्में निकाली गई हैं। ट्यूब उद्योग की आवश्यकतापूर्ति के लिए ट्यूब, गर्म बेलित कुण्डल और स्केल्प का मानकीकरण भी इस वर्ष की एक महत्वपूर्ण बात है।

वर्ष 1969-70 में निर्यात के क्षेत्र में मुख्य उपलब्धियां निम्नलिखित रहीं :--

1. अमरीका जैसे आधुनिकतम बाजार से 4.1 करोड़ रुपये के 60,000 टन दण्ड, तार छड़ और सरंचनात्मकों के लिए आर्डर प्राप्त करना।

2. 24 करोड़ रुपये के 200,000 टन संरचनात्मकों का रूस को निर्यात करने के लिए जिसकी सप्लाई 1970 में होनी है--रूस के साथ तीसरा करार सम्पन्न होना।

3. 50,000 टन पिण्डकों का जापान का निर्यात करने के लिए आर्डर प्राप्त करना।

4. ईरान और कोरिया को 90,000 टन रेलें भेजना और मलेशिया से दुबारा आर्डर प्राप्त करना।

5. संयुक्त अरब गणराज्य द्वारा 20,000 टन और अर्जेण्टाइना द्वारा 25,000 टन रेलों के लिए दुनिया भर से टेण्डर आमंत्रित किए गए थे जिसमें सफलतापूर्वक भाग लेकर रेलों के नए बाजार प्राप्त किए गए हैं। संयुक्त अरब गणराज्य से आर्डर प्राप्त हो चुके हैं और अर्जेण्टाइना से आर्डर इस साल के अन्त तक प्राप्त हो जाएंगे।

6. बढ़ते हुए निर्यात की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विभिन्न स्टाकयार्डों और बन्दरगाहों में काम का मशीनीकरण करने के लिए उपाय किए जा रहे हैं जिससे कि जहाज पर माल लादने की गति में तीव्रता आए। इससे लदान के समय में बचत और प्रेषण के रूप में काफी फायदा हुआ है।

इस्पात उद्योग के लिए संयुक्त वेतन-वार्ता समिति

लोहे और इस्पात उद्योग के लिये संयुक्त वेतन-वार्ता समिति की बैठक में हुए समझौते के ज्ञापन के अनुसार तथा उस पर आधारित समझौतों के अनुसार कम्पनी के ऐसे सभी कर्मचारियों को जिनके वेतनमान का अधिकतम 650 रुपये है और जिनको प्रथम केन्द्रीय लोहा और इस्पात वेतन बोर्ड की सिफारिशें लागू

होती हैं अथवा उन कर्मचारियों को, जिनको करारों द्वारा अथवा बिना करारों के ये सिफारिशें लागू की गई हैं, 33 रुपये प्रतिमास की अन्तरिम सहायता दी गई है।

भिलाई इस्पात कारखाना

कारखाने का 11 मास का उत्पादन अप्रैल, 1969 से फरवरी, 1970 तथा वर्ष 1968-69 की इसी अवधि का उत्पादन नीचे दिखाया गया है:—

(हजार टन)

	उत्पादन		प्रेषण	
	1968-69 अप्रैल-फरवरी	1969-70 अप्रैल फरवरी	1968-69 अप्रैल फरवरी	1969-70 अप्रैल-फरवरी
कच्चा लोहा (गर्म लोहा) .	1773	1927.4	—	—
कच्चा लोहा (ठण्डा लोहा)	558	606.4	529	602.5
इस्पात पिण्ड .	1598	1666.7	16	1.4
विक्रेय इस्पात	1223	1351.4	1328	1356.2

वर्ष 1968-69 की तुलना में इस वर्ष कारखाने की सभी प्रमुख इकाइयों के उत्पादन में प्रचुर वृद्धि हुई है। 1968-69 के उत्पादन की तुलना में 1969-70 में विक्रेय कच्चे लोहे और विक्रेय इस्पात के उत्पादन में 8 प्र० श० के लगभग वृद्धि होने की आशा है तथा पिण्ड उत्पादन में 6 प्र० श० के लगभग वृद्धि होने की आशा है।

तैयार विक्रेय इस्पात का कुल उत्पादन 1968-69 में 67.1 प्र० श० से बढ़कर 1969-70 में 74.3 प्र० श० हो गया।

आशा है 1969-70 में पिण्ड इस्पात का उत्पादन निर्धारित क्षमता के 75 प्र० श० तक पहुंच जाएगा। इस समय कारखाने की 85 प्र० श० क्षमता का

उपयोग हो रहा है आशा है 1970-71 में 90 प्र० श० क्षमता का उपयोग होने लगेगा। कोक भट्ठियों, धमन भट्ठी और मर्चेन्ट मिल ने तो अक्तूबर 1969 में पूर्ण निर्धारित क्षमता प्राप्त कर ली और बाद के महीनों में भी उत्पादन का वही स्तर बनाये रखा अथवा उसको और भी अच्छा बनाया।

इस वर्ष कई नये कीर्तिमान स्थापित किये गये जिनमें प्रमुख इस प्रकार हैं :—

	इस वर्ष	पिछला कीर्तिमान
1. कोक भट्ठियों से कोयला निकालने की संख्या	16132 जनवरी, 1970	15555 जनवरी, 1969
2. इस्पात पिघलाने का कारखाना		
ताप समय (एक बार इस्पात निकालने के समय से दूसरी बार इस्पात निकालने के समय तक)		
500 टन भट्ठी	29 दिसम्बर, 1969 भट्ठी न० 10, 6 घन्टे 17 मिनट	12 नवम्बर, 1966 7 घन्टे 30 मिनट
3. मर्चेन्ट मिल उत्पादन वेलन)	46648 टन जनवरी, 1970	35988 जनवरी, 1967
4. वायर राड मिल उत्पादन	28542 टन दिसम्बर, 1969	16481 टन जनवरी, 1969

यदि इस वर्ष के पूर्वार्द्ध में यातायात विभाग, इस्पात पिघलाने वाले कारखानों तथा ब्लूमिंग मिल में घोर श्रमिक अशान्ति न होती तो प्रगति और भी अच्छी होती।

अप्रैल 1969 से जनवरी, 1970 की अवधि के प्रेषणों में कच्चे लोहे का अधिक प्रेषण तथा मर्चेन्ट प्रोडक्ट्स और वायर राड के प्रेषण में महत्वपूर्ण वृद्धि होने से तैयार इस्पात का अधिक प्रेषण उल्लेखनीय है।

अप्रैल, 1969 से फरवरी, 1970 की अवधि में निर्यात हेतु कच्चे लोहे और बेलित इस्पात के प्रेषण क्रमशः 278,000 टन और 338,000 टन थे जो कारखाने के कुल प्रेषण का 46.1 प्र० श० और 24.9 प्र० श० थे जबकि 1969-70 में क्रमशः 60.1 प्र० श० और 27.0 प्र० श० थे। इस कारखाने ने देश में इस्पात की अधिक मांग की पूर्ति की जैसा कि इसके आन्तरिक प्रेषणों के अधिक अनुपात से लक्षित है। सोवियत रूस को निर्यात करने के करार को अन्तिम रूप देने में हुए विलम्ब के कारण निर्यातहेतु प्रेषणों की मात्रा कम रही।

इस वर्ष की दूसरी बड़ी सफलता यह है कि लोहे और इस्पात का स्टाक और कम हुआ है। 11 महीनों में कच्चे लोहे और बेलित इस्पात के स्टाक में क्रमशः 11,000 टन और 28,000 टन की कमी हुई जिसमें 13,700 टन विक्रेय इस्पात और 14,300 टन इन्टरप्रोसेस माल शामिल है।

दुर्गापुर इस्पात कारखाना

चालू वर्ष तथा वर्ष 1968-69 के प्रथम 11 महीनों का उत्पादन नीचे दिया गया है :—

(हजार टन)

	उत्पादन		प्रेषण	
	1968-69 अप्रैल-फरवरी	1969-70 अप्रैल-फरवरी	1968-69 अप्रैल-फरवरी	1969-70 अप्रैल-फरवरी
कच्चा लोहा (गर्म लोहा)	1043	1079.3	—	—
कच्चा लोहा (ठण्डा लोहा)	371	381.5	357	345.4
इस्पात पिण्ड	744	755.6	21	195.3
विक्रेय इस्पात	455	458.0	518	518.1

पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष उत्पादन में अधिक वृद्धि होने की आशा नहीं है जिसका बड़ा कारण श्रमिक अशान्ति है जो अब भी व्याप्त है। इस सम्बन्ध में यह उल्लेखनीय है कि यान्त्रिक और विद्युत् संधारण अनुभागों, उष्मसह विभाग और कुछ सेवा अनुभागों के कर्मचारियों ने कुछ प्रकार के काम करने से इन्कार किया है, इस्पात पिघलाने वाले कारखानों के गड्ढो के पास यान्त्रिक उपकरणों के प्रचालकों ने धीमी गति से कार्य करना आरम्भ किया है जिससे इस्पात पिघलाने वाले कारखाने की भट्ठियों तथा कारखाने की पुनः गर्म करने वाली भटिठ्यों के रख-रखाव के कार्य पर प्रभाव पड़ा है। बेलन मिलों और पहियों और धुरों के कारखानों में भी इसी प्रकार के श्रमिक विवाद चल रहे हैं। इसके अतिरिक्त गैर-कानूनी हड़तालों का क्रम है—पहली हड़ताल 25 मार्च 1969 को की गई उसके पश्चात् 10 अप्रैल 1969 को बंगाल बन्द, 4 जून, 1969 को दुर्गापुर बन्द हुआ और 11-12-69 को कोक भट्ठियों में आकस्मिक हड़ताल हुई। पूर्व इसके कि कारखाना श्रमिक अशान्ति के परिणामों पर काबू पा सकता कुछ महीनों में कर्मचारी बड़ी संख्या में काम पर नहीं आये जिससे कारखाने के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

मुख्यतः श्रमिक अशान्ति और अंशतः फालतू पुर्जों की अनुलब्धि के कारण विभिन्न इकाइयों में कार्य ठप्प होने के लिए प्रत्युपाय करने में बाधक बनी। कार्य-ठप्प होने का आंशिक कारण रख-रखाव का काम समय पर न होना है।

1969-70 में कच्चे लोहे और विक्रेय इस्पात के प्रेषण 19 68-69 के प्रेषणों के समान ही रहेंगे। इस वर्ष की एक उल्लेखनीय बात यह है कि इस वर्ष टिस्को को 80,000 टन और भिलाई को 47,000 टन इस्पात पिण्डों का प्रेषण किया गया। भिलाई को ये पिण्ड बेलन मिलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए दिए गए।

निर्यातहेतु इस कारखाने ने चालू वर्ष में 123,855 टन कच्चे लोहे और 45,324 टन विक्रेय इस्पात का प्रेषण किया। जापान को 50,000 टन पिण्ड सप्लाई करने के लिए करार किया गया है। बेलन मिलों द्वारा अधिक उत्पादन करने तक 10,000 टन का पहला प्रेषण किया गया है।

चालू वर्ष के ग्यारह महीनों में कारखाने के कच्चे लोहे के स्टाक में 2,000 टन की, पिण्डकों के स्टाक में 60,550 टन की और बेलित इस्पात के स्टाक में (मुख्यतः ब्लूम और बिलेट जैसे अर्द्ध तैयार इस्पात जो तैयार इस्पात बनाने के काम में आते हैं) 19,000 टन की कमी हुई।

PARLIAMENT LIBRARY
(Library & Reference Service)
Central Govt. Publications.
Acc No R 32961
Date 25.4.78

रुरकेला इस्पात कारखाना

अप्रैल, 1969 से फरवरी, 1970 तक के ग्यारह महीनों की अवधि में कारखाने का कार्य परिणाम 1968-69 की इसी अवधि के कार्यपरिणाम की तुलना में इस प्रकार रहा :—

(हजार टन)

	उत्पादन		प्रेषण	
	1968-69 अप्रैल-फरवरी	1969-70 अप्रैल-फरवरी	1968-69 अप्रैल-फरवरी	1969-70 अप्रैल-फरवरी
1. कच्चा लोहा (गर्म धातु)	1136	1075.7	—	—
2. कच्चा लोहा (ठण्डी धातु)	151	151.9	162	97.8
3. इस्पात पिण्ड	1063	987.9	—	—
4. विक्रेय इस्पात	710	611.1	714	726.5
5. कैल्शियम अमोनियम नाइट्रेट (25% नाइट्रोजन)	174.9	110.3	155.4	126.5

रुरकेला इस्पात कारखाने में लगभग पूरे साल ही श्रमिक अशान्ति रही।

महत्वपूर्ण इकाइयों में संधारण के पिछड़े हुए कार्य को पूरा करने के लिए काफी ध्यान दिया जाता रहा है। संधारण की कमी से उत्पादन पर प्रभाव पड़ा है। इस साल नवीनीकरण का एक कार्यक्रम शुरू किया गया और धमन भट्ठियों, स्टील मेल्टिंग शाप (कनवर्टर), मोल्ड यार्ड और स्ट्रिपर बे, सोकिंग पिट्स ब्लूमिंग और स्लेबिंग मिल, हाट स्ट्रिप मिल, लेट मिल और कोल्ड रोलिंग मिलों के नवीनीकरण में काफी प्रगति हुई है।

संधारण कार्य की क्षमता वृद्धि के दिए। जनवरी 1970 से इंजीनियरिंग सेवा विभाग का पुनर्गठन किया गया है और आशा की जाती है कि यह पुनर्गठन कारखाने के लिए लाभप्रद होगा।

विस्तार कार्यक्रम के अन्तर्गत एल० डी० कनवर्टरों 3 और 2 का स्टेक माडीफिकेशन पूरा हो गया है और एल० डी० पर काम तेजी से चल रहा है। गैल्वानाइजिंग लाइन का हाट रन 25 सितम्बर, 1969 को आरम्भ किया गया। स्लेब कूलिंग डिवाइंस सितम्बर, 1969 के दौरान चालू किया गया। आशा है कि हाट स्कार्फिंग मशीन फरवरी 1970 में चालू हो जायेगी।

इस वर्ष के दौरान निम्नलिखित नए कीर्तिमान स्थापित हुए :—

उत्पादन	इस वर्ष के कीर्तिमान	इससे पहले का कीर्तिमान
कोक (कुल) .	135866 टन (अक्तूबर 1969)	125159 टन (मार्च 1969)
गर्म धातु . .	110445 टन (अक्टूबर 1969)	109829 टन (जनवरी 1969)
नई पिकलिंग लाइन का उत्पादन .	26898 टन (मई 1969)	25157 टन (जनवरी 1969)
5-स्टेण्ड टेण्डरम मिल	10698 टन (मई 1969)	7645 टन (फरवरी 1969)
कांटीन्यूअस अनीलिंग लाइन	4945 टन (सितम्बर 1969)	1053 टन (मार्च 1969)
इलैक्ट्रिकल टिनिंग लाइन	3461 टन (सितम्बर 1969)	955 टन (माच 1969)
गैल्वानाइजिंग लाइन सं० 2	8508 टन (सितम्बर 1969)	7678 टन (मार्च 1969)
गर्म बेलित सिलिकन चादरें	1220 टन (जनवरी 1970	805 टन (जनवरी 9169

आलोच्य वर्ष में (मई, 1969) में नेफ्था रिफार्मिंग यूनिट को चालू करते समय शोधक भट्ठी में हुए एक विस्फोट के कारण उर्वरक कारखाने के कार्यकरण

पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। भट्ठी को नवीनीकरण के लिए बन्द करना पड़ा और इस इकाई में 1970-71 में ही उत्पादन शुरू हो सकेगा। इसके अतिरिक्त, उर्वरक कारखाने के उत्पादन पर इस्पात कारखाने में श्रमिक अशान्ति के कारण गैस की कम सप्लाई तथा उपोत्पाद कारखाने के स्क्रूकम्प्रेसर्स' में खराबी का भी प्रभाव पड़ा।

मिश्र इस्पात का कारखाना

अप्रैल, 1969 से जनवरी, 1969 तक की 10 माह की अवधि में मिश्र-इस्पात कारखाने की विभिन्न इकाइयों का कार्यफल वर्ष 1968-69 के इसी काल के कार्य परिणाम की तुलना में इस प्रकार रहा :—

(हज़ार टन)

	उत्पादन		प्रेषण	
	1968-69 अप्रैल-जनवरी	1969-70 अप्रैल-जनवरी	1968-69 अप्रैल-जनवरी	1969-70 अप्रैल-जनवरी
इस्पात पिण्ड—				
एस० एम० एस० I	24.5	46.79	—	—
,, ,, ,, II	10.6	12.70	—	—
योग	35.1	59.49	4.9	1.97
तैयार इस्पात ब्लूमिंग और बिलेट मिल	8.5	14.31	12.2	27.11
छड़ मिल				
चादर मिल	8.6	15.99		
गढ़ाई कर्मशालय	0.7	3.13	0.06	1.85
योग (तैयार इस्पात)	3.1	4.66	1.99	3.71
	20.9	38.09	14.2	32.67

आलोच्य वर्ष में मिश्र-इस्पात कारखाने ने काफी प्रगति की है और आशा है कि कारखाना शीघ्र ही अपनी निर्धारित क्षमता का 90 प्रतिशत उत्पादन करने

लगेगा। स्टील मेल्टिंग शाप का उत्पादन अप्रैल 1969 में 5063 टन (निर्धारित क्षमता का 61 प्रतिशत) बढ़कर दिसम्बर 1969 में 6188 टन (निर्धारित क्षमता का 74 प्रतिशत) और जनवरी, 1970 में 700 टन (निर्धारित क्षमता का 84 प्रतिशत) हो गया। दिसम्बर 1969 में एस० एम० एस०II में 1378 टन उत्पादन हुआ जो कि निर्धारित क्षमता का 125 प्रतिशत है और एक नया कीर्तिमान है। एस० एम० एस० में 1970-71 में निर्धारित क्षमता का 90 प्रतिशत उत्पादन होने की आशा है।

उत्पादित और तैयार इस्पात की मात्रा तथा इसके प्रेषण की मात्रा के अन्तर में लगातार हो रही कमी भी उत्साहवर्द्धक है। सितम्बर 1969 और जनवरी, 1970 के दो महीनों में तो उत्पादन से कहीं अधिक तैयार इस्पात जहाजों पर लादा गया। वर्ष के आरम्भ में पिण्डों का स्टाक 9692 टन था और 1-2-70 को कम हो कर 4608 टन रह गया जो उल्लेखनीय है। लेकिन तैयार इस्पात के स्टाक में 1550 टन की वृद्धि हुई है।

कंडीशनिंग विभाग के कार्य परिणाम में काफी प्रगति हुई है और अप्रैल, 1969 में 4971 टन की तुलना में जनवरी, 1970 में मात्रा 8020 टन थी। किन्तु हीट ट्रीटमेंट और बार फिनिशिंग तथा शीट फिनिशिंग में अभी कुछ कमियां हैं।

फेरों एलायज़ की कमी काफी चिन्ता का विषय रही है और अभी भी है। इस कमी के कारण न केवल उत्पादन-कार्यक्रम निश्चित करना मुश्किल हो गया बल्कि कारखाने की लाभदायकता पर भी प्रभाव पड़ा क्योंकि अधिक मूल्य वाले इस्पात की किस्मों के उत्पादन में कमी करनी पड़ी। अगले वर्ष के लक्ष्यों-उत्पादन और वित्तीय-की प्राप्ति बहुत हद तक कच्चे मालों की उपलब्धि पर निर्भर होगी।

कारखाने की लाभदायकता काफी हद तक शीट मिलों के कार्यकरण पर निर्भर है। कच्चे माल की समस्या के अतिरिक्त गर्म और ठण्डी बेलन मिलों की क्षमता की असमानता का भी कारखाने की क्षमता के अधिकतम उपयोग पर प्रभाव पड़ा है। गर्म बेलित बेदाग चादरों/ प्लेटों की मांग सीमित है, अतः गर्म बेलित मिलों की क्षमता का पूरा उपयोग नहीं किया जा सकता।

गैस की सप्लाई भी चिन्ता का विषय है। दुर्गापुर इस्तात कारखाने से फालतू गैस सीमित मात्रा में ही उपलब्ध है अतः बाहरी स्त्रोतों (डी० बी० एल०) की सहायता से गैस की सप्लाई बढ़ाने और अन्त ईंधन का उपयोग करने की सम्भावनाओं पर विचार किया जा रहा है।

अप्रैल, 1969 से फरवरी 1970 के ग्यारह महीनों में चारों शोधन शालाओं का कार्य परिणाम गत वर्ष की इसी अवधि के कार्य परिणाम की तुलना में इस प्रकार रहा :—

(हजार टन)

	राकोल फीट		प्रेषण			
			क्लीन कोल		मिडलिंग्स	
	1968-69 अप्रैल-फरवरी	1969-70 अप्रैल-फरवरी	1968-69 अप्रैल-फरवरी	1969-70 अप्रैल-फरवरी	1968-69 अप्रैल-फरवरी	1969-70 अप्रैल-फरवरी
दुगदा-I .	1038.7	777.9	735.2	572.0	388.1	260.0
दुगदा II .	468.2	1258.6	272.2	723.4	203.3	614.6
भोजुडीह .	1326.1	1477.4	1104.2	1248.3	—	—
पाथरडीह	1143.6	1153.1	733.4	757.8	444.3	455.3
योग—	3996.6	4667.0	2845.7	3301.5	1035.7	1330.0

कार्यफल में कमी के मुख्य कारण ये है :—चन्द्रपुर थर्मल पावर स्टेशन द्वारा कम मिडिलिंग्स लिया जाना और कोल कलेक्टिंग कनवेयर्स और ड्रायर्स में यान्त्रिक खराबी ।

मैसूर आइरन एण्ड स्टील लि०

वर्ष 1969-70 में मैसूर आइरन एण्ड स्टील लि० का मिश्र एवं विशेष इस्पात प्रोजेक्ट कार्यक्रम अन्तिम चरण में था। अन्तिम चरण 1970 में पूरा हो जाने की आशा है। कच्चे लोहे की विद्युत् भट्ठियां लगाकर कच्चे लोहे की क्षमता का 2 लाख टन तक विस्तार करने का कार्यक्रम भी 1970 में पूरा हो जाने की आशा है दो अन्य प्रायोजनाएं—एक फोर्जप्लांट लगाने और दूसरी फेरो-सिलिकन विस्तार कार्यक्रम की—इस समय विचाराधीन हैं।

निजी क्षेत्र में इस्पात उद्योग

निजी क्षेत्र में लोहे और इस्पात के दो सर्वतोमुखी कारखाने हैं--टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लि०, जमशेदपुर और इंडियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लि० बर्नपुर।

टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी

निजी क्षेत्र के कारखानों मे यह सबसे पुराना है। इसकी वर्तमान अधिष्ठापित क्षमता 20 लाख टन इस्पात पिण्ड प्रति वर्ष है। यह कारखाना कई प्रकार के अर्ध तैयार और तैयार माल का उत्पादन करता है जैसे ब्लूम, बिलेट, छड़, संरचनात्मक, चादरें, स्कैल्प आदि। प्लेट मिल की क्षमता बढ़ाने का कम्पनी का विचार है। इनका विचार एक नई कोक भट्ठी बैटरी स्थापित करने का है जिससे वर्तमान बैटरियों के पुनर्निर्माण के समय कोक और उपोत्पादों के उत्पादन में कमी पूरी की जा सके। अपनी रक्षित कोयला खानों से साफ कोयले का उत्पादन 3 लाख टन प्रति वर्ष बढ़ाने का कम्पनी का प्रस्ताव सिद्धान्ततः स्वीकार कर लिया गया है। चालू वित्त-वर्ष के 11 महीनों (अप्रैल-फरवरी) तथा पिछले वर्ष का उत्पादन नीचे दिया गया है :--

(हज़ार टन)

कच्चा लोहा		इस्पात पिण्ड		विक्रेय इस्पात	
1969-70	1968-69	1969-70	1968-69	1969-70	1968-69
1,489	1,564	1,564	1,655	1,316	1,318

इण्डियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी

इण्डियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी की वर्तमान अधिष्ठापित क्षमता 10 लाख टन इस्पात पिण्ड की है। आजकल यह कम्पनी अर्ध तैयार वस्तुओं जैसे बिलेट तथा चपटे और गैर-चपटे पदार्थों जैसे गर्म-बोलित चादरें, संरचनात्मक छड़, रेल की पटरी आदि का उत्पादन कर रही है। कम्पनी ने अपनी क्षमता को 13 लाख टन पिण्ड करने हेतु विस्तार योजना का कार्य आरम्भ कर दिया है।

विस्तार योजना पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा का प्रबन्ध विश्व बैंक से ऋण लेकर किया गया है। इस्को ने इस ऋण के लिए 1966 में बातचीत की थी।

चालू वित्त-वर्ष के 11 महीनों (अप्रैल-फरवरी) तथा पिछले वर्ष का उत्पादन नीचे दिया गया है :--

(हज़ार टन)

कच्चा लोहा		इस्पात पिण्ड		विक्रेय इस्पात	
1969-70	1968-69	1969-70	1968-69	1969-70	1968-69
1,007	1,044	638	704	514	587

पुनर्वेलन उद्योग

सर्वतोमुखी इस्पात कारखानों के अलावा कई पुनर्वेलन मिलें भी हैं। कुछ पुनर्वेलन मिलें रद्दी लोहे का उपयोग करती हैं और कुछ बिलेट का उपयोग करती हैं। सरकार द्वारा नियुक्त की गई तकनीकी समिति ने 1966 में रिपोर्ट दी थी कि देश में समस्त क्षमता को देखते हुए नई पुनर्वेलन क्षमता का निर्माण करने की कोई गुंजाइश नहीं है। आर्थिक स्थिति में सुधार होने तथा छड़ों और गोल छड़ों की देशीय तथा निर्यात की मांग बढ़ जाने से, इस वर्ष उद्योग को बिलेट की कमी का सामना करना पड़ा। कमी के कुछ और समय तक बने रहने की संभावना है। अन्ततः पुनर्वेलन उद्योग को विद्युत् भट्ठियां लगानी होंगी जो रद्दी लोहे से बिलेट तैयार करेंगी।

तार बनाने वाले उद्योग

वर्ष 1967-68 में इस उद्योग के 1,05,700 टन वास्तविक देशीय उत्पादन की तुलना में वर्ष 1968-69 में 1,82,300 टन उत्पादन हुआ। वर्तमान संकेतों के अनुसार इस वर्ष उत्पादन में और अधिक वृद्धि होने की आशा है। फिर भी, विशेष और अधिक पतले तारों के, जिनका अब तक आयात किया जाता था अथवा कमी थी, उत्पादन के लिए उद्योग के विकास हेतु सरकार ने क्षमता के विस्तार के लिए आशय-पत्र जारी किये हैं। भिलाई के तार-छड़ बनाने वाले कारखाने के उत्पादन आरम्भ करने से हाई कार्बन तार-छड़ों की उपलब्धि बढ़ गई है। इन

छड़ों का आज तक आयात किया जाता था। इसके बावजूद साधारण इस्पात और हाई कार्बन तार-छड़ों की कमी है। आशा है कि उत्पादन में वृद्धि होने और निर्यात में कुछ कमी से इस कमी को बहुत हद तक दूर किया जा सकेगा। विशेष प्रकार के तारो का यथावश्यकता आयात करने की अनुमति दे दी गई है।

पिण्ड/बिलेट

पिण्ड/बिलेट का उत्पादन करने के लिए स्क्रैप का उपयोग करने वाली विद्युत् भट्ठियों (चाहे वे सतत ढलाई अथवा अन्य रीति से उत्पादन करती है) पर से लाइसेंस हटा लिया गया है। इसका तथा कमी का यह प्रभाव पड़ा कि कुछ लोगों ने नये कारखाने खोलने में रुचि दिखाई। नई लाइसेंस-नीति के अन्तर्गत यदि कारखानों की स्थिर परिसम्पति एक करोड़ रुपये से अधिक है या पूंजीगत उपकरणों की कीमत कारखाने में लगाई गई पूंजी के 10 प्रतिशत अथवा 10 लाख से बढ़ जाती है, दोनों में जो भी कम हो, तब ऐसे कारखानों का उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम के अन्तर्गत लाइसेंस प्राप्त करना होगा।

कच्चा लोहा

निजी/सार्वजनिक क्षेत्र की वर्तमान लाइसेंस प्राप्त क्षमता 796,000 टन प्रति वर्ष है। इसके अतिरिक्त गोआ के मेसर्स सलगांवकर के पास 300,000 टन प्रतिवर्ष की क्षमता का एक कारखाना स्थापित करने के लिए आशय-पत्र है। कारखाने की स्थापना में सन्तोषप्रद प्रगति नहीं हुई है। ऐसे लाइसेंसों/आशय-पत्रों को, जहां सन्तोषजनक प्रगति नहीं हुई है, रद्द करने के लिए कार्यवाही की जा रही है। फाउण्ड्री ग्रेड कच्चे लोहे की कमी को देखते हुए इस बात पर विचार किया जा रहा है कि क्या और क्षमता को प्रोत्साहन देना चाहिए।

टिन प्लेट

निजी क्षेत्र की वर्तमान अधिष्ठापित क्षमता 150,000 टन प्रति वर्ष है। टिन प्लेट कम्पनी आफ इण्डिया को अपनी क्षमता 90,000 टन प्रति वर्ष बढ़ाने के लिए औद्योगिक लाइसेंस दिया गया है। इस योजना की एक महत्वपूर्ण बात यह है कि ये टिन-रहित इस्पात तैयार करेंगे जिससे इस सीमा तक इसके आयात की आवश्यकता नहीं रहेगी।

मिश्र–इस्पात

निजी क्षेत्र की वर्तमान अधिष्ठापित क्षमता लगभग 90,000 टन प्रति वर्ष है। कुछ और एककों को मिश्र-इस्पात (स्प्रिंग स्टील, फ्री-कटिंग स्टील, अलाय

कंस्ट्रक्शन स्टील, स्टेनलैस स्टील और हाई स्पीड टूल तथा डाई स्टील भी सम्मिलित हैं) के नये कारखाने लगाने/अपनी क्षमता में वृद्धि करने के लिए औद्योगिक लाइसेंस/आशय-पत्र दिये गये हैं । ऐसी कम्पनियों के जिन्होंने सन्तोषजनक प्रगति नहीं की है । लाइसेंस/आशय-पत्रों को रद्द करने के लिए कार्यवाही की जा रही है ।

लौह मिश्र-धातु

देश में फेरो-सिलिकोन तथा फेरो-मैंगनीज की उत्पादन क्षमता क्रमशः 27,200 टन और 194,800 टन हैं । 1973-74 तक फेरो-सिलिकोन की क्षमता 12,351 टन और फेरो-मैंगनीज की क्षमता 118,800 टन प्रति वर्ष होगी जो अनुमानित आन्तरिक मांग की पूर्ति के लिए पर्याप्त है । औद्योगिक विकास निगम, उड़ीसा, के फेरोक्रोम कारखाने के चालू हाने से हाई कार्बन फेरो-क्रोम का उत्पादन आवश्यकता से अधिक हो गया है और आजकल जापान को इसका निर्यात किया जा रहा है । औद्योगिक विकास निगम, उड़ीसा, को फेरोवैनेडियम के उत्पादन की सुविधायें देने हेतु आशय-पत्र दिया गया है । निर्यात के लिए फेरो-सिलिकोन की अतिरिक्त क्षमता स्थापित करने के भी प्रस्ताव हैं ।

ठण्डी बेलित पत्ती

1973-74 तक इंजीनियरी उद्योग की मिश्र-इस्पात और बेदाग इस्पात पत्तियों की 100,000 टन की प्रत्याशित मांग के मुकाबिल में, देश में वर्तमान अधिष्ठापित क्षमता केवल 15,200 टन के लगभग है । निजी क्षेत्र में मिश्र और बेदाग इस्पात की ठण्डी बेलित पत्तियों के उत्पादन के लिए अतिरिक्त/नई क्षमता के लिए सरकार ने कई आशय-पत्र जारी किये हैं ।

बोकारो स्टील लिमिटेड

इस कारखाने का रूपांकन मुख्यत: चपटी वस्तुओं के उत्पादन के लिए किया गया है जिनकी इस समय देश में बहुत कमी है। प्रथम चरण पूरा हो जाने पर 17 लाख टन पिण्डों को प्रति वर्ष बेल कर 13.64 लाख टन तैयार माल-- हल्की प्लेटों और चादरों का उत्पादन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बिक्री के लिए 8.8 लाख टन कच्चे लोहे का भी उत्पादन किया जाएगा।

इस समय कम्पनी की अधिकृत पूंजी 335 करोड़ रुपये है। जनवरी, 1970 के अन्त तक सरकार ने बोकारो स्टील लि० की अंश पूंजी में 324.76 करोड़ रुपये लगाये थे। कम्पनी की अधिकृत पूंजी को बढ़ाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। प्रायोजना के प्रथम चरण पर 671 करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान है। बोकारो स्टील लि० ने 31 जनवरी 1970 तक 314.62 करोड़ रुपये खर्च किये थे। प्रायोजना पर 195.35 करोड़ रुपये विदेशी मुद्रा के रूप में खर्च होंगे जबकि जनवरी 1970 के अन्त तक 114.43 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। चूंकि देशीय स्रोतों से प्राप्त किये जाने वाले उपकरणों का अब अधिक मूल्य देना पड़ेगा अत: 671 करोड़ रुपये के अनुमान में, जो 1966 में लगाया गया था, और वृद्धि हो जाएगी। इस समय लागत प्राक्कलन में ठीक-ठीक वृद्धि का पता लगाया जा रहा है। ऐसी संभावना है कि यह वृद्धि 90 करोड़ रुपये की होगी।

विभिन्न अभिकरणों से प्राप्त किये जाने वाले उपकरणों, संरचनात्मकों और उष्मसह का कुल टन भार क्रमश: 282,440 टन, 236,361 टन और 212,086 टन के लगभग है। इसमें से टन भार के रूप में लगभग 64 प्रतिशत उपकरण और 92 प्रतिशत संरचनात्मक देश से ही प्राप्त किये जाने हैं। देशीय निर्माताओं द्वारा अपेक्षित प्रकार के उष्मसह की समय पर आपूर्ति न कर सकने के कारण अब पहले बनाई गई योजना के अनुसार कुल उष्मसह का लगभग 78 प्रतिशत ही देश से लिया जाएगा। यह पहला अवसर है जबकि भारतीय सम्भरण कर्ताओं को किसी इस्पात कारखाने के निर्माण में इतनी बड़ी मात्रा में उपकरण, संरचनात्मक और उष्मसह सप्लाई करने को कहा गया है। इससे विभिन्न अधिकरणों द्वारा सामग्री और ड्राइंग्स की आपूर्ति में सामंजस्य की जटिल समस्याओं का उत्पन्न होना अनिवार्य था।

निजी क्षेत्र से प्राप्त किये जाने वाले उपकरणों में से अब तक 27,300 टन के लिए आर्डर दे दिये गये हैं और शेष के लिए आर्डर देने का काम किया जा रहा है। जनवरी 1970 के अन्त तक रूस से 69,933 टन, भारी इंजीनियरी निगम से 10,161 टन और निजी क्षेत्र से लगभग 3,364 टन उपकरण प्राप्त हो चुके थे।

जनवरी, 1970 के अन्त तक रूस से 6901 टन, हिन्दुस्तान स्टील वर्क्स कंस्ट्रक्शन लि० से 35,050 टन और भारी इंजीनियरी निगम से 18,300 टन इस्पात के ढांचे प्राप्त हो चुके थे।

उष्मसह की 212,086 टन की कुल आवश्यकता में से रूस को पहले 4811 टन के लिए आर्डर दिया गया था शेष देशीय स्रोतों से प्राप्त किया जाना था। जनवरी 1970 के अन्त तक 17,804 टन उष्मसह प्राप्त हो चुके थे (इनमें रूस से आये 1935 टन भी शामिल हैं)। उत्पादन अनुसूची को देखते हुए बोकारो स्टील लि० ने भारतीय उष्मसह निर्माताओं को उष्मसह के सम्भरण के लिए आर्डर दिये थे परन्तु उनमें से कुछेक बोकारो स्टील लि० द्वारा निर्धारित समय-अनुसूची के अन्दर विशिष्टियों के अनुसार उष्मसह का निर्माण करने और उनको सप्लाई कर सकने में असमर्थ रहे हैं। अतः सरकार ने रूस से 19,000 टन उष्मसह का आयात करने की अनुमति दे दी है। स्थिति का पुनर्विलोकन करने के पश्चात् लगभग 24,000 टन का आयात करने का प्रस्ताव रखा है। जिस पर विचार किया जा रहा है। सिविल इंजीनियरी कार्य हिन्दुस्तान स्टील वर्क्स कंस्ट्रक्शन लि० द्वारा किया जा रहा है। स्थल को समतल करने का काम, जिसमें 136 लाख घन मीटर मिट्टी का काम था, पूरा हो चुका है। जनवरी 1970 के अन्त तक 78.8 घन मीटरी मिट्टी का काम पूरा हो चुका था जो कुल काम का 62.40 प्रतिशत है और 68.3 लाख घन मीटर कंकरीट डालने का काम पूरा हो चुका है जो कुल काम का 38.78 प्रतिशत है।

कारखाने के परिचालन के लिए जल की पूर्ति तेनुघाट बांध से दी जाएगी। इस बांध का निर्माण बिहार सरकार केन्द्रीय सरकार द्वारा दिये गये ऋण से कर रही है। बिहार सरकार तेनु-बोकारो नहर का निर्माण भी कर रही है। इसके लिए बोकारो स्टील लि० ने ऋण दिया है।

17 लाख टन की अवस्था के लिए कच्चे माल के रूप में प्रति वर्ष लगभग 24 लाख टन लौह-खनिज 33.4 लाख टन कोयले, 12 लाख टन धमन भट्ठी ग्रेड के चूना-पत्थर और 4 लाख टन इस्पात पिघलाने वाले चूना-पत्थर की आवश्यकता

होगी। कारखाने के लिए लौह-खनिज राष्ट्रीय खनिज विकास निगम की किरी-बुरू की खानों से सप्लाई किया जाएगा। धमन भट्ठी ग्रेड का चूना-पत्थर भवनाथपुर की चूना पत्थर की खानों से प्राप्त किया जाएगा। यह खान बोकारो स्टील लि० की रक्षित खान है। सरकार ने इस खान के विकास के लिए 7.803 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं जिससे इस खान से प्रति वर्ष 14.5 लाख टन चूना-पत्थर प्राप्त किया जा सके। बोकारो स्टील लि० ने तोड़ने, छांटने और लादने के संयंत्रों तथा सहायक सुविधाओं के रूपांकन, निर्माण, संभरण, अधिष्ठापन तथा चालू करने तथा मशीनों और उपकरणों का परीक्षण करने के लिए आर्डर दे दिये हैं। इस्पात पिघलाने वाला चूना-पत्थर मध्य प्रदेश की कुटेश्वर की खान से प्राप्त किया जाएगा। इस खान का विकास कार्य आरम्भ हो चुका है। कोयला झरिया तथा पूर्वी बोकारो कोयला क्षेत्रों से प्राप्त किया जाएगा। बोकारो के लिए उपयुक्त कोयला-मिश्रण के परीक्षणों का प्रबन्ध भी कर लिया गया है। इनके परिणामों को देखकर बोकारो को कोयला सप्लाई करने वाली कोयला शोधनशालाओं का निश्चय किया जाएगा। मैंगनीज खनिज की आवश्यकता खुले बाजार से खरीद कर पूरी की जाएगी।

बोकारो इस्पात कारखाने के निर्माण की पिछली अनुसूची के अनुसार प्रथम धमन भट्ठी ने मार्च, 1971 के अन्त तक और सम्पूर्ण प्रथम चरण के कारखाने ने जून 1972 तक उत्पादन आरम्भ कर देना था। 1969 के मध्य में बोकारो स्टील लि० के प्रबन्धकवर्ग ने सोवियत विशेषज्ञों से मिलकर निर्माण-कार्य की प्रगति तथा उपकरणों, उष्मसह और अन्य सामग्री की प्राप्ति के बारे में व्यापक पुनर्विलोकन किया और इस निर्णय पर पहुंचे कि देशीय स्रोतों से सामग्री की प्राप्ति में प्रत्याशित देरी के कारण कार्यक्रम स्थगित करना पड़ेगा। वर्तमान कार्यक्रम के अनुसार बोकारो का प्रथम धमन भट्ठी समूह 1971 के अन्त तक और 17 लाख टन पिण्ड की वार्षिक क्षमता के लिए सम्पूर्ण प्रथम चरण मार्च, 1973 तक पूरा होगा।

बोकारो इस्पात कारखाने के संगठन का पूर्वाभिमुखीकरण किया गया है और इसे उपयुक्त ढंग से सशक्त बनाया गया है ताकि यह सभी कार्यों में भली प्रकार समन्वय स्थापित कर सकें जिससे संशोधित समय अनुसूची के अनुसार कारखाने के विभिन्न एककों के निर्माण-कार्य की प्रगति हो सके। क्षेत्रीय आधार पर संगठन का विकेन्द्रीकरण किया गया है ताकि प्रत्येक क्षेत्र के समस्त कार्य (सिविल इंजीनियरी और मशीनों को लगाने का कार्य भी शामिल है) का उत्तरदायित्व एक व्यक्ति का हो। प्रत्येक कार्य की समय पर पूर्ति सुनिश्चित करने तथा विभिन्न गतिविधियों में उचित सामंजस्य स्थापित करने के लिए कदम उठाये गये हैं। बोकारो स्टील लि० तथा

उपकरणों के बड़े-बड़े सम्भरकों जैसे भारी इंजीनियरी निगम और खान और सम्बद्ध मशीनरी निगम की नियमित रूप से बैठकें की जाती हैं। इन बैठकों की कार्यवाही तथा बोकारो इस्पात कारखाने को सामग्री की आपूर्ति की प्रगति का मंत्रालय द्वारा पुनर्विलोकन किया जाता है ताकि समय-समय पर आवश्यक सहायता दी जा सके।

बोकारो इस्पात नगर में इस समय 4492 स्थायी मकान हैं। सरकार ने 1998 और मकानों के निर्माण के लिए हाल में स्वीकृति दी है। 48.2 लाख रुपये की अनुमानित लागत से बनाये जाने वाले 262 बिस्तरों के अस्पताल का निर्माण-कार्य तेजी से चल रहा है। आशा है यह सितम्बर 1970 तक बनकर तैयार हो जाएगा। इस बीच 50 बिस्तरों के एक अस्थायी अस्पताल और एक स्वास्थ्य केन्द्र से काम चलाया जा रहा है।

भारत सरकार ने बोकारो इस्पात कारखाने की क्षमता को 40 लाख टन इस्पात पिण्ड प्रति वर्ष तक बढ़ाने का भी निर्णय किया है। सरकार का विचार निर्माण-कार्य को इस प्रकार करने का है जिससे वर्तमान पंचवर्षीय योजना-अवधि के अन्तक तक 25 लाख टन इस्पात का उत्पादन हो सके। सोवियत संघ की सरकार ने इस विस्तार योजना के लिए आवश्यक सहायता देना स्वीकार कर लिया है। बोकारो के विस्तार के निर्णय के अनुसार भारत सरकार ने सोवियत रूस की सरकार से 20 फरवरी 1970 को एक करार किया है। रूस की सरकार इस विस्तार के लिए पिछले ऋणों की अप्रयुक्त राशि से 8.5 करोड़ रूबल का ऋण देगी। ऋण तथा ब्याज का भुगतान दिनांक 25 जनवरी 1965 के भारत-सोवियत करार में दी गई शर्तों के अनुसार किया जाएगा। इस निर्णय से इस्पात के चपटे उत्पादकों की घरेलू आवश्यकता की पूर्ति में सहायता मिलेगी।

रूसी संगठन त्याजप्रोमैक्सपोर्त्त के अलावा, जो बोकारो इस्पात कारखाने के प्रथम चरण के लिए मुख्य सलाहकार हैं, भारतीय परामर्श-दाता मैसर्स एम० एन० दस्तूर एण्ड कम्पनी को भी इस काम में शामिल किया गया है। उनका वर्तमान ठेका 1.84 करोड़ रुपये का है जो 1 जनवरी 1966 से लेकर 7 साल के लिए है। उनका काम ऐसे संयंत्रों, मशीनों और उपकरणों के टैण्डर आलेख तैयार करना है जो सोवियत क्षेत्र से बाहर हैं और जो निजी क्षेत्र की कंपनियों से प्राप्त किये जाएंगे तथा उपकरणों की उपयुक्तता तथा मूल्य की औचित्य के बारे में परामर्श देना तथा उपकरणों की परख करना है; वे सोवियत परामर्शदाताओं द्वारा दिये जाने वाले डिजाइनों के अनुसार भारत में रूपांकित किये जाने वाले एककों के निर्माण-आलेख भी तैयार करेंगे विभिन्न कार्यों को निश्चित समय में पूरा करने के लिए उन्हें प्रत्येक कार्य के विश्लेषण तथा प्रायोजना नियंत्रण का काम भी सौंपा गया है।

बोकारो इस्पात कारखाने की क्षमता के 40 लाख टन तक विस्तार-कार्य के लिए हिन्दुस्तान स्टील लि० के केन्द्रीय इंजीनियरी और रूपांकन ब्यूरो को जिन्हें आवश्यक जानकारी और अनुभव है, मुख्य सलाहकार नियुक्त करने का निर्णय किया गया है। यह भी प्रस्ताव है कि दस्तूर एण्ड कम्पनी द्वितीय चरण के लिए भी उसी प्रकार काम करते रहेंगे जिस प्रकार वे प्रथम चरण के लिए कर रहे हैं।

हिन्दुतान स्टील वर्क्स कन्सट्रक्शन लिमिटेड

हिन्दुस्तान स्टील वर्क्स कन्सट्रक्शन लिमिटेड की स्थापना जून 1964 में स्वीकृत स्थलों पर इस्पात कारखानों के निर्माण के लिए की गई थी। कम्पनी स्थल पर उपकरणों की प्राप्ति, उन्हें लगाने और उनकी जांच करने का काम भी कर सकती थी ।

अब तक इस कम्पनी ने बोकारो इस्पात कारखाने के निर्माण के संबन्ध में निम्नलिखित कार्य अपने हाथ में लिए हैं :—

1. लगभग 935.9 लाख रुपये की लागत से 134 लाख घन मीटर जमीन का स्थल-समतलीकरण का काम। यह काम उन्हें पहली अक्तूबर, 1965 को दिया गया था और अब पूरा हो चुका है।

2. बोकारो में संरचनात्मक निर्माण-शाला के लिए लगभग 70 लाख रुपये की लागत का निर्माण-प्रांगण तैयार करने का काम।

3. 47 लाख रुपये का अनुमानित लागत से बोकारो को अस्थायी रेल-सुविधाएं प्रदान करने का काम।

4. 9677 लाख रुपये का सिविल इंजनियरी संबंधी निर्माण-कार्य का ठेका और 3630 लाख रुपये की लागत का संरचनात्मक इस्पात के संविरचन, उन्हें लगाने और उनकी रंगाई करने का ठेका।

जनवरी 1970 के अंत तक इस कम्पनी ने 78.8 लाख घन मीटर खुदाई का काम किया है जो कुल काम का 62.40 प्रतिशत है और 6.83 लाख घन मीटर कंक्रीट का काम किया है जो कुल काम का 38.78 प्रतिशत है। जनवरी, 1970 के अंत तक 46,117 टन संरचनात्मकों का निर्माण किया है जो कुल काम का 30.77 प्रतिशत हैं। सिविल इंजीनियरी और संरचनात्मक निर्माण के काम में औद्योगिक अशांति तथा किल्ड क्वालिटि के इस्पात की कमी के कारण, जिसका आयात करना पड़ा था, कुछ कमी रही। निर्माण के क्रमिक लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं जो बोकारो इस्पात कारखाने के निर्माण के संशोधित कार्यक्रम से मेल खाते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए भी उपाय किये गये हैं कि काम की प्रगति संशोधित लक्ष्यों के अनुसार होती रहे।

कम्पनी द्वारा वर्ष 1968-69 में किये गए निर्माण-कार्य का मूल्य लगभग 20.94 करोड़ रुपये है। 28.76 लाख रुपये का मूल्य-ह्रास, सरकारी ऋण पर 5.53 लाख रुपये का ब्याज, 8 लाख रुपये का बोनस और टैक्स के रूप में 11.25 लाख रुपये देने के बाद कंपनी को इस वर्ष 13 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है। कम्पनी ने प्रदत्त पूंजी के 20 प्रतिशत की दर से 460.000 रुपये का लाभांश भी सरकार को दिया है। कम्पनी ने आरक्षित और अतिरिक्त राशि के रूप में 77.62 लाख रुपये जमा कर लिए हैं।

भारी इंजीनियरी निगम लिमिटेड, रांची

भारी इन्जीनियरी निगम लि० के अधीन निम्नलिखित तीन इंजीनियरी कारखाने हैं :--(1) भारी मशीनें बनाने का कारखाना जिसकी वार्षिक क्षमता 80,000 टन भारी मशीनों के निर्माण की है और इसके साथ एक इस्पात संरचनात्मक कर्मशाला भी है जिसकी वार्षिक क्षमता 25,000 टन संरचनात्मक निर्माण करने की है।

(2) फाउण्ड्री फोर्ज कारखाना जिसकी वार्षिक क्षमता 140,000 टन है और (3) भारी मशीनी औजार बनाने का कारखाना जिसकी वार्षिक क्षमता 10,000 टन की है।

भारी मशीनें बनाने का कारखाना रूसी सहायता से स्थापित किया गया है। फाउन्ड्री फोर्ज प्लाण्ट और भारी मशीनी औजार बनाने के संयंत्र चेकस्लोवाकिया की सहायता से लगाये गये हैं।

भारी मशीने बनाने का कारखाना

इस कारखाने में नवम्बर, 1963 से, तब तक लगाई गई मशीनों के आधार पर प्रारम्भिक उत्पादन शुरू हुआ। कारखाना अब पूरा हो गया है और इसकी सभी कर्मशालाओं में उत्पादन प्रारम्भ हो गया है।

पिछले तीन वर्षों में कारखाने का वास्तविक उत्पादन इस प्रकार रहा :--

	मात्रा (टन)	मूल्य (लाख रु०)
1966-67 . . .	14,309	466.74
1967-68 . . .	14,611	556.93
1968-69 . . .	23,852.5	1066.79

अप्रैल 1969 से जनवरी, 1970 तक की अवधि में वास्तविक उत्पादन 20,572.4 टन था जिसका मूल्य 1163.23 लाख रुपये है।

इस्पात संरचनात्मक निर्माण शाला में उत्पादन अक्तूबर, 1966 से आरम्भ हुआ जब कि उपकरणों का लगाना जारी था। 1 फरवरी, 1970 तक यंत्रों के लगाने और ई० ओ० टी० क्रेन लगाने का काम क्रमशः 74 प्रतिशत और 62 प्रतिशत पूरा हो चुका था।

भारी मशीनें बनाने के कारखाने के उत्पादन आंकड़ों में इस कारखाने का उत्पादन भी शामिल है ।

फाउन्डी फोर्ज प्लाण्ट

6000 टन के प्रेस लगाने के काम को छोड़कर इस संयंत्र का निर्माण कार्य प्राय: पूरा हो चुका है । 6000 टन की प्रेस लगाने के लिए पाइल और पाइल कैप लगाने का काम पूरा हो चुका है और संरचनात्मकों के निर्माण और उनको लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है ।

सबसे पहले मई, 1964 में ग्रे-आइरन फाउन्ड्री में उत्पादन प्रारम्भ हुआ और फिर जैसे-जैसे विभिन्न इकाइयों में उत्पादन सुविधाएं लगती गईं उनमें उत्पादन शुरू होता गया ।

पिछले तीन वर्षों में उत्पादन इस प्रकार रहा :—

	मात्रा (टन)	मूल्य (लाख रुपये)
1966-67 . . .	5,058.26	95.45
1967-68 . . .	9,003.13	179.60
1968-69 . . .	16,641.82	314.07

अप्रैल, 1969 से जनवरी, 1970 की अवधि में उत्पादन 22629.6 टन हुआ जिसका मूल्य 421.37 लाख रुपये है ।

भारी मशीनी औजार बनाने का संयंत्र

इस संयंत्र का निर्माण पूरा हो चुका है । पिछले तीन वर्षों में उत्पादन इस प्रकार रहा :—

1966-67 . . .	7 मशीनें
1967-68 . . .	15 मशीनें
1968-69 . . .	8 मशीनें

अप्रैल 1969 से जनवरी, 1970 की अवधि में 19 मशीनों का उत्पादन हुआ जिसका मूल्य 36.85 लाख रुपये है ।

बोकारों को सप्लाई

इस कम्पनी के पास मुख्य आर्डर अभी बोकारो के प्रथम चरण के लिए हैं । आर्डरों का ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

मशीनी उपकरण	71,889 टन
इस्पात के सरंचनात्मक	27,210 टन
मशीनी औजार	346 टन
कुल	99,445 टन

समय पर माल की आपूर्ति कर सकने के विचार से कुल मात्रा का 14,852 टन मशीनी उपकरणों का ठेका दूसरों को दे दिया गया है । कारखाने द्वारा निर्माण की जाने वाली शेष 57,037 टन मशीनी उपकरणों में से 9,334 का निर्माण हो चुका है और उसमें से जनवरी के अंत तक 8,678 टन बोकारो इस्पात कारखाने को भेजा जा चुका है । इसी प्रकार 27,210 टन संरचनात्मकों में से 22,360 टन का निर्माण पूरा ही चुका है और जनवरी, 1970 के अंत तक उसमें से 20,522 टन बोकारो को भेजा जा चुका है ।

उप-ठेके की राशि में से गार्डन रीच वर्कशाप ने 3941 टन का निर्माण कर लिया है और जनवरी 1970 के अंत तक 2219 टन प्रेषण किया जा चुका है । स्वीकृत कार्यक्रम के मुकाबले आपूर्ति में कुछ कमी हुई है इसका मुख्य कारण सामग्री और खरीदे हुए सामान को समय पर पर्याप्त मात्रा में न मिलना है । फाउन्ड्री फोर्ज प्लाण्ट से ढले और गढ़े हुए मालों की आपूर्ति में कमी को पूरा करने के लिये कुछ मात्रा की आपूर्ति के आदेश बाहरी पार्टियों को दिये गये हैं और इन्होंने माल भेजना शुरु कर दिया है जिससे बोकारो की सप्लाई में तेजी आयेगी ।

अप्रैल, 1969 से जनवरी, 1970 की अवधि में 1094.70 लाख रुपये के आदेश प्राप्त हुए । इस वर्ष 1.95 लाख रुपये के ग्रे-आइरन के ढले हुए उत्पादों का जौर्डन को निर्यात किया गया । इस वर्ष कम्पनी के उच्च प्रबंधक वर्ग में परिवर्तन हुए । अप्रैल, 1969 में नये अध्यक्ष ने भार ग्रहण किया । अप्रैल, 1969 से उपाध्यक्ष का एक नया पद भी बनाया गया है ।

बिहार की राज्य सरकार के सहयोग से अनुषंगी उद्योगों का विकास किया गया है और इस समय दस इकाइयां उत्पादन कर रही हैं और कम्पनी की आवश्यकताओं की पूर्ती कर रही हैं ।

इस वर्ष मान्यता प्राप्त मजदूर संघ के साथ मजदूरों के वेतन को युक्ति संगत करने के लिये एक समझौता हुआ है और उसे कर्यान्वित किया जा रहा है।

नवम्बर, 1969 में राज्य के संयुक्त श्रमिक आयुक्त और समझौता अधिकारी की उपस्थिति में बातचीत के फलस्वरूप भारी इंजीनियरी निगम और उसकी मान्यता प्राप्त यूनियन के बीच वेतन को युक्ति-संगत करने आदि के बारे में एक समझौता हुआ। समझौते की प्रमुख बातें ये हैं कि यह समझौता 31 दिसम्बर, 1973 तक लागू रहेगा और अकुशल कामगारों का न्यूनतम वेतन 195 रुपये तक तय हुआ है जो उन्हें कई चरणों में प्राप्त होगा।

1968-69 में कम्पनी को 14.66 करोड़ रुपये का घाटा हुआ और 31 मार्च, 1969 तक कम्पनी का कुल घाटा 40.73 करोड़ रहा। जिस अवधि में यह घाटा हुआ वह निर्माण काल और परिचालन की आरंभिक अवस्था थी जबकि उत्पादन आरंभ ही हुआ था और धीरे-धीरे बढ़ रहा था। इस प्रकार की प्रायोजनाओं की परिपक्वावस्था प्राप्त करने में अनिवार्य रूप से लम्बा समय लगता है। क्योंकि कार्य कुशलता और उत्पादिता में धीरे धीरे सुधार होता है। बस्ती पर हुए खर्च और ब्याज की भारी राशि भी हानि के कारणों में से है। लेकिन यह ध्यान देने की बात है कि जब कि 1967-68 में मूल्य-ह्रास, ब्याज, मुख्यालय, बस्ती आदि का खर्च काटने से पूर्व कम्पनी को 3.07 करोड़ रुपये की परिचालन हानि हुई थी 1968-69 में इन खर्चों को काटने से पूर्व कम्पनी को 0.73 करोड़ रुपये का परिचालन लाभ हुआ।

खनन और सम्बद्ध मशीनरी निगम लिमिटेड, दुर्गापुर

यह कम्पनी 1 अप्रैल, 1965 को कोयला खनन-यंत्र प्रायोजना का काम कराने के लिये निगमित की गई थी, जो उस समय रांची स्थित भारी इंजीनियरी निगम का अंग था। इस प्रायोजना को सोवियत सरकार की सहायता से लगाया गया है। इसका निर्माण कार्य 1960 में प्रारम्भ हुआ था और अब पूरा हो चुका है।

इस कारखाने का रूपांकन जमीन के नीचे कोयला खनन के विभिन्न उपकरणों जैसे कन्वेयर, कोल-कटर, इंजन पंखे, पम्प लदाई-यंत्र आदि के 45000 टन तक वार्षिक उत्पादन के लिये किया गया है। इस कारखाने का प्रारंभिक उत्पादन 1964-65 में शुरू हुआ था। लेकिन योजना-बद्ध उत्पादन 1965-66 में शुरू हुआ। 1968-69 में विक्रेय वस्तुओं का कुल उत्पादन 4099 टन था जिसका मूल्य 1.58 करोड़ रुपये था। 1 अप्रैल, 1969 से, 1970 की अवधि में विक्रेय वस्तुओं का उत्पादन 4690 टन रहा जिसका मूल्य 2.43 करोड़ रुपये था। 1968-69 में बुक किये गये आदेशों की कुल कीमत 38.79 लाख रुपये थी और उसी अवधि में 3269 टन माल की अदायगी हुई जिसका मूल्य 115 लाख रुपये है। दिसम्बर, 1969 के अंत में कुल उपलब्ध आर्डरों का मूल्य 19.74 करोड़ रुपये है। अप्रैल, दिसम्बर 1969 की अवधि में 2315 टन माल की अदायगी की गई जिसका मूल्य 108.97 लाख रुपये है।

इस कारखाने के उत्पादन लक्ष्य तीसरी और चौथी पंचवर्षीय योजनाओं के लिये कोयले के क्रमशः 10 करोड़ और 20 करोड़ टन के लक्ष्यों पर आधारित थे। ये लक्ष्य पूरे नहीं हुए और परिणाम-स्वरूप कारखाने को भी उस प्रकार के आर्डरों के लिये काफी दिक्कत उठानी पढ़ रही है जिनके निर्माण और बैच सप्लाई के लिये इसको लगाया गया था।

जैसे उपकरणों के लिये इसे लगाया गया था उस तरह के उपकरणों के लिये कारखाने को पर्याप्त मात्रा में आर्डर प्राप्त करने में सफलता नहीं मिली है और मिलने की आशा भी नहीं है, अतः कम्पनी को अपने उत्पादन में विभिन्नता लाना आवश्यक हो गया है। विभिन्नीकरण के इस प्रयत्न से कारखाने में लगाये गये संयंत्रों और उपकरणों के उपयोग में असंतुलन पैदा हो गया है। इसके अतिरिक्त तकनीकी जानकारी, रूपांकन प्रक्रिया निर्माण और यंत्रीकरण जैसे क्षेत्रों

में काम बढ़ गया है जिससे समय अधिक लगता है। विविधीकृत वस्तुएं प्राय: विशेष विवरणों के अनुसार बनाई गई हैं और उनके लिए दुबारा आर्डर नहीं मिले हैं। अत: यंत्रीकरण सांचे तथा रूपांकन और प्रविधि संबंधी दूसरे प्रारम्भिक कार्यों पर खर्च अधिक पढ़ता है और उत्पादन की मात्रा भी कम होती है। अशंत: खनन उपकरणों के अलावा प्राप्त आर्डरों की प्रकृति के कारण इस कम्पनी में उत्पादन वृद्धि की गति धीमी रही है क्योंकि ऐसे विविध प्रकार के उपकरणों और मशीनों के रूपांकन और प्रलेखन तथा अन्य प्रारंभिक कामों में बहुत समय लगता है।

बन्दरगाहों पर कच्चे मालों के बड़े पैमाने पर चढ़ाने-उतारने संबन्धी उपकरणों कोयला शोधन खनिज शोधन संयंत्र खानों के रूफ-सपोर्ट, इस्पात कारखानों के लिये विशेष प्रकार के कन्वेयर और पम्प तथा विविध प्रकार की दूसरी वस्तुओं के निर्माण के आदेश प्राप्त करके कम्पनी ने अपने उत्पादन कार्यक्रम में विविधता लाने की कोशिश की है। दूसरे प्रकार के कामों को लेने के लिये भी परीक्षण चल रहे हैं जिससे उत्पादन क्षमता और क्रयादेशों का अंतर पूरा किया जा सके। इसमें रूस को निर्यात करने के लिये वैगनों की बोगी और आगे से लदाई करने वाले यंत्र का निर्माण तथा हिन्दुस्तान मशीन टूल्स के सहयोग से खेती के ट्रैक्टरों के लिये पुर्जों और उनकी एसेम्बली का काम शामिल है। कम्पनी ने एक तकनीकी समिति का गठन किया है जो विविधीकरण की योजना के अंतर्गत क्रमश: अपनाये जाने वाली वस्तुओं के निर्माण की शक्यता और मितव्ययिता की जांच करेगी। इस समिति की रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है।

1969-70 में कम्पनी ने बन्दरगाहों पर कच्चे माल की थोक लदाई-उतराई संबंधी उपकरणों के निर्माण की तकनीकी जानकारी के लिये पश्चिमी जर्मनी के मेसर्स देमाग से, और खनन कार्यों के लिये हाइड्रोलिक प्रॉप्स के निर्माण के लिये यू० के० के मैसर्स डौटी माइनिंग इक्विपमेंट से समझौता किया है। कम्पनी अब चतुर्थ योजना काल में बन्दरगाहों के यंत्रीकरण की योजना सम्बन्धी आदेश प्राप्त करने की स्थिति में है। इस संबंध में विभिन्न बन्दरगाहों के अधिकारियों से बातचीत चल रही है।

1968-69 में कम्पनी को कुल 636.89 लाख रुपयों का घाटा हुआ। पिछले घाटे को मिलाकर 31 मार्च, 1969 तक कम्पनी को अब तक 2015·68 लाख रुपये का घाटा हुआ है।

भारत हैवी प्लेट्स एण्ड वैसल्स लिमिटेड, विशाखापत्तनम्

उर्वरक, पैट्रोलियम, पैट्रोकैमिकल तथा अन्य रसायन और सम्बद्ध भारी उद्योगों के लिये आवश्यक उपकरण बनाने के लिये आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम के निकट एक कारखाना लगाने के निमित्त, भारत सरकार ने जून, 1966 में भारत हैवी प्लेट्स एण्ड वैसल्स लि० के नाम से एक कम्पनी बनाई थी। यह कारखाना चैकोस्लोवाकिया की सहायता से लगाया जा रहा है। पूर्ण-उत्पादन की स्थिति में कारखाने की क्षमता लगभग 23,000 टन प्रति वर्ष होगी। पूर्ण उत्पादन की अवस्था में कारखाना प्रतिवर्ष लगभग 10 करोड़ रुपये मूल्य के उपकरण तैयार करेगा। अनुमान है कि अधिकतम उत्पादन की स्थिति में इससे 6.5 से 7 करोड़ रुपये प्रति वर्ष की विदेशी मुद्रा की बचत होगी।

आयात किये जाने वाले उपकरणों के अधिकांश के लिये आदेश दिये जा चुके हैं और काफी उपकरण कार्यस्थल पर पहुंच चुके हैं। संविरचन और कर्मशाला के लिए दो भवन होंगे। इन दो भवनों में से छोटा भवन तेयार होगया है तथा इसमें अधिकांश उपकरण लगाए जा चुके हैं। दूसरे भवन में भवन-निर्माण में काम आने वाले इस्पात के ढांचे बनाए जाएंगे। इस भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस इमारत में छत डालने का कार्य भी लगभग 60% तक पूरा हो चुका है और काम तेजी से चल रहा है। इस इमारत में उपकरण लगाने का काम भी किया जा रहा है तथा कुछेक उपकरण लगाये जा चुके हैं जिन्होंने उत्पादन करना आरम्भ कर दिया है। यह इमारत तथा इसमें उपकरण लगाने का काम 1969 के अंत तक पूरा होना था लेकिन यह कुछ विशेष प्रकार की इस्पात प्लेटों और सैक्शनों के आने में देरी होने के कारण पूरा न हो सका। इस्पात की प्राप्ति में देरी के कारण फर्श, नींव, तथा उपकरणों के लगाने के कार्यों में भी देरी हो गई है। आशा है कि कारखाना वर्ष, 1970 के मध्य तक पूरा हो जायेगा। निर्माण स्थल और उपलब्ध उपकरणों के अधिकतम उपयोग से संविरचन कार्य जुलाई, 1969 में आरम्भ किया गया था। बोकारो स्टील लिमिटेड के लिये कुछ उपकरण भी बनाये जा रहे हैं तथा कुछ का प्रेषण भी आरंभ हो चुका है। भारतीय उर्वरक निगम लिमिटेड, 'फैक्ट' इंजीनियरी एण्ड डिजाइन आर्गनाइजेशन, भारत एल्यूमिनियम कम्पनी

लिमिटेड, इण्डियन पैट्रौकैमिकल्स कारपोरेशन लिमिटेड आदि से आर्डर प्राप्त हुए हैं तथा उन पर कार्य हो रहा है। प्राप्त आदेशों का कुल मुल्य 2.01 करोड़ रुपये है।

कर्मचारियों के लिये लगभग 700 आवासगृहों के निर्माण तथा आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धि के लिये काम प्रारम्भ हो चुका है और 50 प्रतिशत भवनों की नींव भरी जा चुकी है।

त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड

त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड, नैनी, की स्थापना जुलाई, 1965 में की गई थी। यह हाइड्रालिक, पैनस्टाक्स, स्टारेज, ट्रांसमिलन टावर, स्टील ब्रिज, एल० डी० कनवर्टर तथा औद्योगिक भवनों के निर्माण में काम आने वाले क्रेन, हाइस्टस और भारी इस्पात ढांचे बनाएगी। ऐसे उपकरणों के निर्माण की स्थापित क्षमता 25,000 टन प्रतिवर्ष है। कम्पनी की वर्तमान स्वीकृत और जारी पूंजी 3 करोड़ रुपये है।

कारखाना लगभग पूरा हो गया है। कुछ वस्तुओं का वाणिज्यिक उत्पादन अगस्त, 68 में शुरू किया गया था। 1968–69 में 2,146.9 टन उत्पादन हुआ। 1969–70 में लगभग 6,200 टन उपकरण तथा संरचनात्मक बनाए जाएंगे जिनका मूल्य 49 लाख रुपये होगा। आशा है कि 1970–71 में उत्पादन लगभग 15,000 टन तक हो जायगा। 1968–69 में कम्पनी को 16 लाख रुपये की हानि हुई।

तुगंभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लिमिटेड, मैसूर

स्वतन्त्रता के पश्चात् सिंचाई तथा जल विद्युत् शक्ति की सुविधाओं के कारण विकास के लिये विभिन्न नदी घाटी योजनाएं शुरू की गई जिससे द्रवचालित संरचनात्मकों के रूपांकन और निर्माण का महत्व बहुत बढ़ गया। इस आवश्यकता की पूर्ति हेतु 1-4-60 को तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लिमिटेड की स्थापना की गई। यह मैसूर और आंध्र प्रदेश की सरकारों का सांझा उपक्रम है जिसमें प्रत्येक सरकार ने अंशपूंजी के रूप में 25 लाख रुपये लगाये हैं। फरवरी, 1967 ने भारत सरकार ने इस कम्पनी में अंशपूंजी के रूप में 51 लाख रुपये लगाये और इस प्रकार इसका नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया।

यह मुख्यत: गेटों, व्हाइस्टस, पेनस्टाक पाइपों, प्रेशर वेसल्स, ट्रांसमिशलन लाइन टावर्स, और भवन-संरचनात्मकों का उत्पादन करेगी। 1968-69 में 2,305 टन उत्पादन हुआ जिसका मूल्य 72.5 लाख रुपये है। 1969-70 में लगभग 3,000 टन उत्पादन की आशा है जिसका मूल्य लगभग 90 लाख रुपया होगा।

तीसरी पंचवर्षीय योजना की समाप्ति के बाद कम्पनी के क्रमगत गतिविधियों जसे, नदी-घाटी योजनाओं के लिये द्रव चालित गेट, व्हास्ट्स और पेन स्टाक पाइपों के रूपांकन, संविरचन और लगाने के काम में कमी हुई है। अत: अब कम्पनी ने भारी और भवन संरचनात्मकों का उत्पादन शुरू किया है। इस क्षेत्र में मन्दी के फलस्वरूप तीव्र प्रतिस्पर्द्धा है और लाभ कम है। अपना कार्य क्षेत्र विस्तृत करने के लिये कम्पनी ने वर्तमान कारखाने से लगभग 1 मील की दूरी पर 87 लाख एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है। इस स्थल पर एक गैल्वनाइजिंग लाइन चालू की गई है और जस्ती हाईटेंशन ट्रांसमीशन टावरों का उत्पादन भी आरम्भ हो गया है। गैल्वनाइजिंग कारखाने के निकट ही हल्के संरचनात्मकों के लिये एक कर्मशाला बनाई गई है जिसमें टावर, सब-स्टेशन संरचनात्मक और हल्के संरचनात्मकों का उत्पादन होगा। उत्पाद भिन्नता लाने के कई उपायों पर भी कम्पनी विचार कर रही है।

विभिन्न श्रेणियों के इस्पात-संरचनात्मकों की सप्लाई और उन्हें लगाने के के लिये जनवरी, 1970 के अंत में 2.2 करोड़ रुपये के आर्डर प्राप्त थे।

मैसूर हाउसिंग बोर्ड, बंगलौर, के माध्यम से सबसिडाइज्ड इन्डस्ट्रीयल हाउसिंग स्कीम के अन्तर्गत सार्वजनिक क्षेत्र में 200 क्वार्टर बनाने का कम्पनी का प्रस्ताव है। आशा है कि एक साल के अन्दर ही इन क्वार्टरों का कब्जा दिया जा सकेगा।

कम्पनी की स्थापना 1960–61 में हुई थी और उस साल कम्पनी को कुछ लाभ हुआ था। तबसे कम्पनी बराबर लाभ उठाती रही है सिवाय वर्ष 1963–64 के, जबकि कम्पनी को 0.42 लाख रुपये की हानि हुई थी। टैक्स देने के पहले कम्पनी का लाभ गत तीन वर्षों में इस प्रकार था :—

1966–67	14.01 लाख रुपये
1967–68	15.28 लाख रुपये
1968–69	9.64 लाख रुपये

1968–69 में कम्पनी ने 4 प्र० श० लाभांश घोषित किया जबकि 1967–68 में लाभांश 8 प्र० श० था। कम्पनी को आशा है कि 1969–70 में भी 4 प्र० श० का लाभांश दिया जा सकेगा। लाभ में कमी का मुख्य कारण संरचनात्मक संविरचन उद्योग में तीव्र प्रतिद्वन्द्विता है।

1969 में पिन्ड उत्पादन

(टन)

मुख्य उत्पादक 1	बेसिक 2	इलेक्ट्रिक 3	कुल 4
टाटा आयरन ऐंड स्टील कम्पनी लि० .	1,737,448	18,783	1,756,231
इन्डियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लि०	724,150	—	724,150
मैसूर आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लि० .	39,718	99,970	139,688
राउरकेला स्टील प्लांट	1,127,683	—	1,127,683
भिलाई स्टील प्लांट	1,771,673	—	1,771,673
दुर्गापुर स्टील प्लांट	856,769	—	856,769
योग (i)	6,257,441	118,753	6,376,194
अन्य			
भारतीय इलैक्ट्रिक स्टील कं० लि०	—	4,105	4,105
नेशनल आयरन एण्ड स्टील कं० लि०	—	6,803	6,803
गैस्ट कीन विलियम्स लि० .	—	*39,841	39,841

परिशिष्ट I—जारी

1	2	3	4
मुकुन्द आयरन एण्ड स्टील वर्कर्स लि०	—	6,784	6,784
सिंह इंजीनियरिंग वर्क्स (प्रा०) लि० .	—	12,915	12,915
जे० के० आयरन एण्ड स्टील कं० लि०	—	10,346	10,346
हिन्दुस्तान आयरन एण्ड स्टील कं० .	—	—	उपलब्ध नहीं है
स्टील रोलिंग मिल्स आफ हिन्दुस्तान लि०	—	1,412	1,412
आंध्र स्टील कारपोरेशन लि० . .	—	3,113	3,113
योग (i)	—	85,319	85,319
कुल योग (i) और (ii)	6,257,441	204,072	6,461,513

*नवम्बर और दिसम्बर, 1969 के उत्पादन आंकड़े, जो उपलब्ध नहीं हैं, शामिल नहीं हैं ।

परिशिष्ट II

1. विक्रय कच्चे लोहे का उत्पादन

(हजार टन)

उत्पादन	1968	1969
टाटा आयरन एण्ड स्टील कं० लि० .	0.9	1.3
इण्डियन आयरन एण्ड स्टील कं० . .	325.3	331.1
मैसूर आयरन एण्ड स्टील लि० . .	—	—
राउरकेला स्टील प्लांट . .	122.7	127.0
भिलाई स्टील प्लांट . . .	612.7	634.4
दुर्गापुर स्टील प्लांट . .	373.8	399.0
भारतीय विकास निगम लि० . .	26.8	62.7
एक्में पिग आयरन एण्ड सेंट्रीफ्यूगल पाइप वर्क्स लि०	शून्य	शून्य
योग . .	1,462.2	1,555.5

2. विद्युत भट्ठियों का पिण्ड-उत्पादन

(हजार टन)

मुख्य उत्पादक	1968	1969
टाटा . . .	16.8	18.8
मैसूर	71.8	99.9
(i) योग . .	88.6	118.7
अन्य		
भारतीय	1.1	4.1
नेशनल	शून्य	6.8
जी० के० डब्ल्यू . . .	37.7	39.8*
मुकुन्द	5.7	6.8
सिंह	12.5	12.9
जे० के०	9.6	10.3
हिन्दुस्तान	शुन्य	—
हिन्दुस्तान लि० के इस्पात पुनर्बेलन मिल	0.2	1.4
आंध्र	0.3	3.1
(ii) योग .	67.1	85.2
कुल योग .	155.7	203.9

*नवम्बर और दिसम्बर, 1969 के कुल आंकड़े, जो उपलब्ध नहीं है, शामिल नहीं हैं।

2. (क) तैयार इस्पात का उत्पादन–उत्पादकवार

(हजार टन)

उत्पादक	1968	1969
टिस्को	1,033.1	1,018.3
इस्को	498.3	471.2
मैसूर	75.7	57.3
राउरकेला	716.2	731.0
भिलाई	854.1	1,055.9
दुर्गापुर	332.8	409.9
(i) योग (मुख्य उत्पादक) .	3,506.2	3,743.6
गोण उत्पादक . . .	162.5	145.9
वायर ड्राइंग यूनिटस . . .	161.4	196.0
बिलेट पुनर्बेलक . . .	484.1	602.0
स्क्रेप पुनर्बेलक . . .	128.8	119.4
टी० ए० एस० निर्माता . .	33.3	240.0
(ii) योग (अन्य उत्पादक) .	970.0	1,303.3
कुल योग (i) और (ii) . .	4,476.3	*5,046.9

*आंकड़े अस्थायी हैं, क्योंकि जिन एककों ने आंकड़े नहीं दिये हैं उनका अनुमानिक उत्पादन लिया गया है ।

2. (ख) तैयार इस्पात का उत्पादन-वर्गवार

(हजार टन)

वर्ग	1968	1969
1	2	3
हल्के और मध्यम संरचनात्मक . .	623.9	610.0
भारी संरचनात्मक . . .	278.7	258.3
भारी पटरियां		
(i) प्रथम श्रेणी . .	284.3	219.5
(ii) द्वितीय श्रेणी . .	129.9	173.3
हल्की पटरियां . . .	4.9	6.4
काली चादरें (नालीदार) . .	2.7	—
काली चादरें (सादी)		
(i) गर्म बेलित . .	209.7	204.3
(ii) ठन्डी बेलित . .	83.5	70.2
जस्ती चादरें (सादी) . . .	35.5	66.8
जस्ती चादरें (नालीदार) . .	131.5	136.8
प्लेटें	367.9	326.7
छड़ें . . .	918.1	1,183.3
गोल छड़ें . . .	501.5	582.8
बी० एल० वायर . . .	64.0	82.8
जी० आई० वायर . . .	45.8	50.6
अन्य तार	51.7	62.6
हूप्स	4.5	1.8
स्ट्रिप्स		
(i) गर्म बेलित . .	213.4	235.9
(ii) ठन्डी बेलित . .	78.9	79.9

1	2	3
बाक्स स्ट्रैपिंग्स (पेटी पट्टक) . .	2.8	5.8
इस्पात के स्लीपर . . .	67.1	62.0
टिन प्लेटें	90.7	88.2
स्केल्प	189.7	243.8
स्लिट क्वायल्स . .	2.8	—
पहिये, टायर और धुरे . . .	43.8	33.1
स्पेशल सेक्शन . . .	15.6	22.0
टी० ए० एस० . . .	33.3	240.0
योग . .	4,476.2	*5,046.9

*आंकड़े अस्थायी हैं क्योंकि जिन एककों ने आंकड़े नहीं दिये हैं उनका अनुमानित उत्पादन लिया गया है ।

परिशिष्ट V

1968 में पिण्ड--उत्पादन

(टन)

उत्पादक	बेसिक	इलैक्ट्रिक	कुल
1	2	3	4
टाटा आयरन एण्ड स्टील कं० लि० .	1,816,675	16,776	1,833,451
इण्डियन आयरन एण्ड स्टील कं० लि०	765,409	--	765,409
मैसूर आयरन एण्ड स्टील लि० . .	40,092	71,841	111,933
राउरकेला स्टील प्लांट	1,163,870	--	1,163,870
भिलाई स्टील प्लांट .	1,714,500	--	1,714,500
दुर्गापुर स्टील प्लांट .	791,721	--	791,721
योग (i) .	6,292,267	88,617	6,380,884
अन्य			
भारतीय इलक्ट्रिक स्टील कं० लि० .	--	1,120	1,120
नेशनल आयरन एण्ड स्टील कं० लि० .	--	--	--
गेस्ट कीन विलियमस लि० . .	--	37,714	37,714
मुकुन्द आयरन एण्ड स्टील वर्क्स लि० .	--	5,734	5,734

1	2	3	4
सिंह इंजीनियरिंग वर्क्स (प्रा०) लि० .	—	12,728	12,728
जे० के० आयरन एण्ड स्टील कं० लि० (कानपुर) .	—	9,548	9,548
हिन्दुस्तान आयरन एण्ड स्टील कं० .	—	—	—
स्टील रोलिंग मिल्स आफ हिन्दुस्तान (प्रा०) लि० .	—	434	434
आंध्र स्टील कारपोरेशन लि० .	—	306	306
योग (ii) .	—	67,584	67,584
कुल योग	6,292,267	156,201	6,448,468

1-1-1970 से कीमतों में अनुमत वृद्धि

परिशिष्ट VI
(रुपये प्रति मीटरी टन)

वस्तु	वृद्धि	*2.50 रु० की प्राप्ति के लिए अधिक आवश्यक वृद्धि	कुल
1	2	3	4
(क) **विक्रेय इस्पात :**			
1 जस्ती चादरें .	60	2	62
2 गर्म बेलित/ठण्डी बेलित चादरें और क्वायल्स			
(क) 20 गेज से अधिक	200	7	207
(ख) 16 से 20 गेज	200	7	207
(ग) 10 से 14 गेज	100	3	103
3 परीक्षित प्लेट्स .	100	3	103
4 स्केल्प . .	100	3	103
5 पहिये, टायर और धुरे	100	3	103
6 रेल की पटरियाँ—हल्की और भारी .	40	1	41
7 संरचनात्मक			
(क) ज्वायस्ट्स .	85	3	88
(ख) अन्य .	45	2	47
8 छड़ और गोल छड़ .	65	2	67
9 बिलेट, ब्लूम, आदि .	60	2	62
10 स्लीपर . .	120	4	124

1	2	3
(ख) **विक्रेय कच्चा लोहा :**		
1 स्टेण्डर्ड बेसिक .	40	40
2 फाउण्ड्री ग्रेड 4 .	55	55
3 फाउण्ड्री ग्रेड 3 .	60	60
4 फाउण्ड्री ग्रेड 2 .	65	65
5 फाउण्ड्री ग्रेड 1 .	75	75

*संयुक्त संयत्र समिति इन्जीनियरी माल निर्यात सहायता कोष के लिए बढ़ाई गई व्यवस्था को दिखाता है।

संयुक्त सयंत्र समिति
की
घोषणा

घोषणा सं० 48

दिसम्बर 30, 1969

31 दिसम्बर, 1969 की अर्द्धरात्रि के बाद 1-1-70 से किये जाने वाले प्रेषणों पर लागू होने वाले इस्पात के संशोधित मूल्यों की घोषणा की जाती है। इन मूल्यों में पुनर्वेलक भाड़ा अवकल कोष, समकृत भाड़ा निधि के लिए अंशदान और संयुक्त संयंत्र समिति के इन्जीनियरी माल निर्यात सहायता कोष के लिए बढ़ाई गई व्यवस्था शामिल है।

संशोधित मूल्यों की सूची

	प्रति मीटरी टन का रेलहैड स्टेशन तक (रुपयों में)		
	स्टैण्डर्ड भा० मा० 226	वाणिज्यिक भा० मा० -1977 एस० टी०-42/एस० टी०-32	आद्धग्रेड
1	2	3	4
1 (क) छड़ और गोल छड़ (पत्ती को छोड़कर) 14 मि० मी० और कम सीधी लम्बाई के पत्ती . .	877	867	857
(ख) छड़ और गोल छड़ (पत्ती को छोड़कर) 14 मि० मी० और कम (क्वायल्स में)	862	852	842

परिशिष्ट VII---जारी

1	2	3	4
(ग) पत्ती मोटाई में 5 मि० मी० से अधिक पर 10 मि० मी० से कम .	867	857	847
(घ) छड़, गोल छड़ और पत्ती (क), (ख) और (ग) के अलावा .	857	847	837
(ङ) ज्वायस्टस .	977	967	957
(च) क्रासिंग स्लीपर बार, बियरिंग प्लेट बार और संरचनात्मक ज्वायेस्टस को छोड़कर	906	896	886
(छ) प्लेट्स . .	1092	1082	997
(ज) चैकर्ड प्लेट्स .	1102	1092	1007
(झ) बिलेट . .	721 (भा० मा०-2830)	711 (भा० मा०-2831)	701
		परीक्षित	अपरीक्षित
2. (क) ब्लूम और स्लैब . .		701	686
(ख) सीमलैस ब्लूम . .		886	—
(ग) शैल ब्लूम . . .		881	—
(घ) शैल बार . . .		1123	—
(ङ) टिन बार . . .		731	—
(च) फिश प्लेट बार . .		1031	—
3. स्केल्प		1112	1097

	14 गेज और मोटी		16-20 गेज		20 गेज से पतली	
	परीक्षित	अपरीक्षित	परीक्षित	अपरीक्षित	परीक्षित	अपरीक्षित
4. (क) गर्म बेलित क्वायल्स	1102	1087	--	--	--	--
(ख) गर्म बेलित चादरें	1177	1162	1421	1406	1471	1456
(ग) ठण्डी बेलित क्वायल्स	1377	1362	1621	1606	1671	1656
(घ) ठण्डी बेलित चादरें	1412	1412	1671	1656	1721	1706

		परीक्षित	अपरीक्षित
5. जी० सी०/ज़ी० पी० चादरें*		1866	1846
6. हल्की रेलें†	30 पौण्ड	860	805
	24 पौण्ड	865	810
	20 पौण्ड	870	815

परिशिष्ट VII--जारी

		परीक्षित टी० 12	परीक्षित टी०-18	अपरीक्षित
7 भारी रेलें†	105 पौण्ड .	780	775	550
	90 पौण्ड .	740	735	628
	75 पौण्ड .	760	755	648
	60 पौण्ड .	775	770	715
	50 पौण्ड .	815	810	755

	परीक्षित
8. (क) पहिए और टायर ‡	
नये डिज़ाइन	1613
पुराना डिज़ाइन	1467
(ख) धुरे ‡	
नये डिजाइन	1721
पुराना डिजाइन	1436
9. स्लीपर (प्रैस्ड)†	
निर्माणीवाह्यय मूल्य	978

टिप्पणी सं० 1 उपरोक्त मूल्य आधार मूल्य हैं । संयुक्त संयंत्र समिति की सेक्शनल और क्वालिटी अतिरिक्तियां '(चादरों की भिन्न मोटाई की अतिरिक्तियों सहित) और प्रभावी कटौतियां जो 31-12-1969 को लागू थीं वे आगे भी लागू रहेंगी ।

†टिप्पणी सं० 2 भारी रेल पटरियों, टी०-12, टी०-18 और अपरीक्षित और परीक्षित तथा अपरीक्षित दोनों प्रकार की हल्की रेल टिरियो के मूल्य में उत्पादन शुल्क शामिल नहीं है। इन मूल्यों के अलावा उचित उत्पादन शुल्क भी लिया जाएगा। अन्य वर्गों के मूल्यों में वर्तमान उत्पादन शुल्क सम्मिलित है।

*टिप्पणी सं० 3 ठण्डे बेलित बेस धातु से बनाई गई जस्तीकृत चादरों पर 175 रुपये प्रति टन और लिया जाएगा।

समिति के आदेश से

आर० पी० शर्मा,

कार्यकारी सचिव

18 रवीन्द्र सरणी,

कलकत्ता-1

संयुक्त संयंत्र समिति

की

घोषणा

दिसम्बर, 30, 1969

घोषणा सं० 49

31 दिसम्बर, 1969 की अर्द्ध-रात्रि के बाद/1 जनवरी, 1970 को किए जाने वाले प्रेषणों पर लागू होने वाले कच्चे लोहे के संशोधित मूल्यों की घोषणा की जाती है। इन मूल्यों में संयुक्त संयंत्र समिति के इन्जीनियरी-माल-निर्यात-सहायता-कोष और समकृत भाड़ा निधि के लिए अंशदान भी सम्मिलित है :

ग्रेड	सिलीकोन प्रतिशत	फासफोरस प्रतिशत अधिकतम	सलफर प्रतिशत अधिकतम	आधार-मूल्य रेल तक निष्प्रभार रेल हैड स्टेशन (रुपये टन)	
				उच्च मेंगनीज 1.00–1.50 प्र० श०	कम मेंगनीज 0.50 से अधिक परन्तु 1.00 प्र० श० से कम
1	2	3	4	5	6
फाउण्ड्री 1 . .	2.75 से 3.25 से कम	0.40	0.050	515	513

फाउण्ड्री 2 . .	2.25 से 2.75 से कम	0.40	0.050	490	488
फाउण्ड्री 3 . .	1.75 से 2.25 से कम	.040	0.050	450	448
फाउण्ड्री 4 . .	1.25 से 1.75 से कम	0.40	0.050	440	438
स्पेशल बेसिक . .	0.75 से 1.25 से कम	0.40	0.050	415	413
स्टैण्डर्ड बेसिक . .	0.75 से कम	0.40	0.050	410	408
स्पन पाइप कच्चा लोहा . (एच० पी०, एल० एम)	2.2 से 2.4	0.73–0.90	0.050 अधिकतम	——	458 (0.45–0.50 प्र० श० मैंगेनीज)

टिप्पणी : कच्चे लोहे के लिए 31-12-69 को सभी अतिरिक्तियां और दण्ड लागू रहेंगे ।

कलकत्ता-1

समिति के आदेश से

आर० पी० शर्मा
कार्यकारी सचिव

परिशिष्ट VII

1968-69 और 1969-70 में लोहे और इस्पात और फेरो एलायज का आयात

(मात्रा मीटरी टन में और मूल्य हजार रु० में)

	1968-69		1969-70 (अप्रैल और सितम्बर)	
	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
1	2	3	4	5
1 कच्चा लोहा, स्पंज लोहा, इस्पात पाउडर और शाट्स . . .	325	642	275	500
2 फेरो एलायज . . .	1533	12922	566	2827
3 इस्पात . . .	330699	439894	149765	206999
4 मिश्र-इस्पात . . .	68293	218920	30575	87419
5 स्क्रैप	14012	12823	2564	3212
6 पहिये और धुरे . . .	4330	7635	2256	3437
योग .	419192	692836	186001	304394

1 M of S & H.E./70

31 दिसम्बर, 1969 को समाप्त होन वाली नौ महीनों की अवधि में लोहे और इस्पात के निर्यात का देश-वार विवरण

देश	गोल/चपटे	संरचनात्मक	चादरें	बिलेट	कच्चा लोहा	रेल की पटरी
1	2	3	4	5	6	7
संयुक्त राज्य अमरीका . .	20493	—	—	—	—	4751
आस्ट्रेलिया . . .	—	1247	—	—	—	—
ब्रिटेन . . .	2078	711	—	—	—	—
न्यूजीलैण्ड . . .	—	—	—	—	—	2321
लक्समबर्ग . . .	60	—	—	—	—	—
बेल्जियम . . .	532	—	—	—	—	—
पश्चिमी जर्मनी . .	994	—	—	—	—	—
इटली . . .	1890	—	—	—	—	—
डैनमार्क . . .	199	—	—	—	—	—

1	2	3	4	5	6	7
पश्चिमी एशिया और फारस की खाड़ी के देश :						
इराक . . .	13008	2544	298	—	—	—
ईरान . . .	24116	29009	1446	10006	—	29442
बेहरीन	1237	—	—	—	—	—
दुबाएं . . .	6129	114	—	—	—	—
जोर्डन . . .	9340	—	—	—	—	—
कुवैत . . .	27879	223	—	—	—	—
साउदी अरब . .	52006	842	—	—	—	—
आबु धाबी . . .	5310	—	—	—	—	—
कतार . . .	3489	—	—	—	—	—
मसकेट . . .	170	—	—	—	—	—
संयुक्त अरब गणराज्य .	14420*	—	—	—	—	—
अदन . . .	828	—	—	—	—	—
सीरिया . . .	192	—	—	—	—	—

*75 टन तार भी शामिल है।

देश	गोल/चपटे	संलचनात्मक	चादरें	बिलेट	कच्चा लोहा	रेल की पटरी
1	2	3	4	5	6	7
अफ्रीकी देश :						
केन्या . . .	*8312	4395	—	—	—	—
घाना . . .	—	—	—	—	—	—
जम्बिया . . .	59	—	—	—	—	—
सोमाली . . .	—	—	—	—	—	—
सूडान . . .	3998	1155	—	—	—	—
सैचलीस . . .	46	—	—	—	—	—
इथियोपिया . . .	275	—	—	—	—	—
तनजानिया . . .	83	119	—	—	—	—
युगाण्डा . . .	20	—	—	—	—	—
नाइजीरिया . .	250	—	—	—	—	—
मोरक्को . . .	700	—	—	—	—	—

*89 टन तार भी शामिल है ?

1	3	3	4	5	6	7
पूर्वी एशिया और सुदूर पूर्व एशिया के देश :						
श्री लंका . . .	1802	—	—	13047	—	—
बर्मा . . .	78	—	—	—	—	17100
जापान . . .	—	—	—	—	391929	—
ओकिनावा . . .	—	—	—	—	—	—
कोरिया . . .	—	—	—	—	—	37077
फारमोसा . . .	—	—	—	—	—	717
थाइलैण्ड . . .	20421	6688	—	1042	—	4994
मलयेशिया . . .	—	503	—	—	—	—
सिंगापुर . . .	43	1638	—	—	—	—
हांग-कांग . . .	490	1499	—	—	—	—
दक्षिणी वियतनाम . .	—	—	—	—	—	—
बरूनी . . .	1683	—	—	—	—	—
कम्बोडिया . . .	2970	—	—	—	—	—
इंडोनेशिया . . .	12821	327	—	—	—	—
मारीशस . . .	544	5	—	499	—	—
फिलिपाइनस . .	—	—	—	—	—	—
अफगानिस्तान . .	—	—	—	—	—	—

पूर्वी यूरोप के देश						
टर्की . . .	1501	—	—	8273	—	—
यूगोस्वलासिया . .	4880	—	—	—	—	—
बल्गेरिया . . .	468	609	—	—	—	—
रूस . . .	—	174546	—	—	—	—
पोलैण्ड . . .	—	—	—	—	—	—
	245914	226174	1744	32867	391929	96402

31 दिसम्बर, 1969 को समाप्त होने वाली 9 माह की अवधि में लोहे और इस्पात का कुल निर्यात — 995030 मी० टन (1968-69 की इसी अवधि का निर्यात 1230869 मी० टन है)

जहाज तक निष्प्रभार मूल्य . . . . — 5357.22 लाख रुपये (1968-69 की इसी अवधि के निर्यात का मूल्य 5198.21 लाख रुपये है)।

M1M of S. & HE./70 800 7-4-70- GIPF.